जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 133, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 09 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मोदी सरकार की किसानों को तोहफा





## खरीफ फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी करने का फैसला, धान की एमएसपी 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी, तुअर-उड़द में 300 रु. प्रति क्विंटल बढ़ोतरी

**नई दिल्ली:** नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों की फसल के क्रय-विक्रय को देखते हुए बड़ा फैसला किया है। इसके तहत अब किसानों की खरीफ फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाने को मंजूरी दे दी गई है। इससे किसनों को अपनी फसल बेचने में बड़ी राहत मिलेगी। साल 2022-23 के लिए खरीफ फसलों का टरढ बढ़ने से किसानों को अब नए दाम पर अपनी फसल की बिक्री करने का मौका मिलेगा और उनकी कमाई में इजाफा होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है कि तिल के दाम में 523 रुपये की बढ़ोतरी होगी। मूंग पर प्रति क्विंटल 480 रुपये की बढ़ोतरी होगी। सूरजमुखी पर 358 रुपये प्रति क्विंटल है। मूंगफली पर 300 रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। गौरतलब है कि 2014 से पहले 1-2 फसलों पर खरीद होती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद बाकी फसलों को भी इसमें जोड़ा गया और किसानों की आय भी बढ़ी है। गौरतलब है कि

### धान की 'ए' ग्रेड किस्म का समर्थन मूल्य में वृद्धि

**धान** की 'ए' ग्रेड किस्म का समर्थन मूल्य 1,960 रुपये से बढ़ाकर 2,060 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। खरीफ की प्रमुख फसल धान है, जिसकी बुवाई शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने जून-सितंबर की अवधि के लिए सामान्य मानसून का अनुमान लगाया है। मंत्री अनुराग ठाकुर ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के व्यापक विकास को सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार द्वारा पिछले आठ वर्षों के दौरान शुरू किए गए कई कार्यक्रमों पर भी जोर डाला है।

लगातार तीसरे साल सरकार ने खरीफ की फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। कैबिनेट की बैठक में 17 खरीफ फसलों के नई एमएसपी को मंजूरी दी गई।

इस बीच, मौसम विभाग ने पूवार्नुमान लगाया है कि 2022 का दक्षिण-पश्चिम मानसून दीर्घकालिक औसत के 99 प्रतिशत पर सामान्य रहेगा। पिछले तीन वर्षों में सामान्य से अच्छे मानसून ने खरीफ खाद्यान्न उत्पादन में औसतन 2.8 प्रतिशत की वृद्धि की है और इसके परिणामस्वरूप खरीफ उत्पादन में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जबकि रबी उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।


**14 खरीफ फसलों के एमएसपी को दी गई मंजूरी:** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि आज की कैबिनेट बैठक में 14 खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी गई। धान की सामान्य किस्म के धान का एमएसपी 2022-23 फसल वर्ष के लिए पिछले वर्ष के 1,940 रुपये से बढ़ाकर 2,040 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

**क्या होता है एमएसपी ?**

एमएसपी वह न्यूनतम समर्थन मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। फसलों की कीमतों में बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर नहीं पड़ता यानी भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो, लेकिन किसानों की एमएसपी त होती है। सरकार हर फसल सीजन से पहले सीएसीपी यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेस की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। खरीफ के अंतर्गत धान (चावल), मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन, उडद, तुअर, कुल्थी, जूट, सन, कपास आदि। खरीफ की फसलें जून जुलाई में बोई जाती हैं। सितंबर-अक्टूबर में इनकी कटाई होती है।

### मर्डर के बाद बेटे ने की अंडा-करी की पार्टी, लाश की बदबू छिपाने को डाला रूम-फ्रेशनर

## यूपी: पबजी के लिए मां की हत्या




**लखनऊ:** लखनऊ में पबजी ना खेलने देने से नाराज 16 साल के बेटे ने अपनी मां की गोली मारकर हत्या कर दी। तीन दिनों तक उसने घर में ही मां की लाश को छुपाए रखा। हत्या के बाद उसी रात को बेटे ने 10 साल की बहन के साथ घर में रात गुजारी। दूसरे दिन, यानी रविवार को बहन को घर में बंद कर दोस्त के घर गया। रात में दोस्त को साथ लेकर आया और ऑनलाइन ऑर्डर करके खाना मंगवाया। खाना खाने के बाद लैपटॉप पर मूवी देखी।

**लाश की बदबू न आए, इसलिए रूम-फ्रेशनर डाला:** दोस्त ने मां के बारे में पूछा तो बताया कि दादी की तबीयत खराब है। मम्मी उनके पास गई है। हत्या के तीन दिन बीतने के बाद, यानी सोमवार की रात एक और दोस्त को रुकने के लिए घर बुलाया। इस रात दोनों ने कुछ खाना घर में बनाया। अंडा करी ऑनलाइन मंगवाई। तब तक शव सड़ने लगा था और बदबू आ रही थी। दोस्त को भनक न लगे, इसके लिए हत्यारे बेटे ने पूरे घर में रूम फ्रेशनर डाला। मंगलवार की सुबह दोस्त चला गया तो आरोपी मोहल्ले में खेलने निकाला। शाम तक दुर्गंध फैलने लगी, तो उसने रात में पिता को वीडियो कॉल किया। फिर वारदात के बारे में बताया।

**आरोपी के पिता हैं फौजी:** मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले नवीन कुमार सिंह सेना में जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर हैं। उनकी पोस्टिंग पश्चिम बंगाल में है। लखनऊ के पीजीआई इलाके में यमुनापुरम कॉलोनी में उनका मकान है। यहां उनकी पत्नी साधना (40 साल) अपने 16 साल के बेटे और 10 साल की बेटी के साथ रहती थीं। बेटे ने मंगलवार रात अपने पिता नवीन को वीडियो कॉल करके बताया कि उसने मां की हत्या कर दी है। उसने पिता को शव भी दिखाया। नवीन ने एक रिश्तेदार को फोन करके तत्काल अपने घर भेजा। पुलिस पहुंची तो घर के अंदर के हालात देखकर दंग रह गई।

## नीट पीजी की 1456 सीटों पर खाली, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई लताड़

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी की 1456 सीटों पर दाखिले नहीं होने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मेडिकल कॉउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) से पूछा कि एक तरफ देश में डॉक्टरों की कमी है और एमसीसी खाली सीटों के लिए स्पेशल काउंसलिंग नहीं कर रही। जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने कहा कि ये उन छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है, जिन्हें दाखिला मिल सकता था। कोर्ट के केन्द्र सरकार और एमसीसी से आज ही



हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एमसीसी से कहा है कि हलफनामे में बताएं कि कुल कितनी सीटें खाली हैं और क्यों खाली हैं। उसकी कॉपी याचिकाकर्ता मेडिकल छात्रों को दें।

## एनएचएआई ने105 घंटे में बनाई 75 किमी सड़क

**नई दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 105 घंटे में 75 किलोमीटर लंबी सीमेंट की सड़क बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एलान किया कि एनएचएआई ने एनएच53 पर 105 घंटे और 33 मिनट में 75 किमी लंबी सिंगल लेन में बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। गडकरी ने ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, 'भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने पर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ठल्अक ने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने प्रमाणित किया गया है।' गडकरी ने एनएचएआई की परियोजना के कुशल क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण और राज पथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड के सभी इंजीनियरों, ठेकेदारों, सलाहकारों और श्रमिकों को बधाई दी।

**3 जून 2022 को सुबह 7:27 बजे शुरू हुआ था काम:** 75 किलोमीटर लंबी एकल लेन बिटुमिनस कंक्रीट रोड को अगर दो लेन की पक्की रोड के हिसाब से देखें तो इसकी कुल लंबाई 37.5 किमी होती है।

इसे बनाने का काम 3 जून 2022 को सुबह 7:27 बजे शुरू हुआ था और यह 7 जून को शाम 5 बजे पूरा हुआ।

### होम लोन होगा महंगा, बढ़ेगी ईएमआई, अब क्रेडिट कार्ड से भी होगा यूपीआई भुगतान

## महंगाई की मार: रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई पर काबू पाने के लिए लगातार दूसरी बार नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा करने का फैसला किया है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। रेपो रेट बढ़ने के साथ ही एक बार फिर होम लोन, कार लोन या दूसरे कंज्यूमर लोन की ईएमआई का बढ़ना भी कमोबेश तय है। कमर्शियल लोन की दरों में भी इसकी वजह से इजाफा हो सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक



नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसले के साथ ही रेपो रेट मौजूदा 4.40 प्रतिशत से बढ़कर 4.90 प्रतिशत हो गया है। बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो रेट की दर में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला सर्वसम्मति से किया। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) में भी 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया गया। इस तरह एसडीएफ भी अब मौजूदा 4.15 प्रतिशत से बढ़कर 4.65 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) को भी 0.50 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी की दर भी 4.65 प्रतिशत से बढ़कर 5.15 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण पूरी दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ी है। इसके साथ ही इस युद्ध की वजह से दुनिया भर की सप्लाई चेन पर भी काफी बुरा असर पड़ा है। दूसरी ओर कोरोना का खतरा अभी भी लगातार दुनिया के कई देशों में बना हुआ है।

## 39 साल की उम्र में मिताली राज रिटायर

**मुंबई:** भारत की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर मिताली राज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। संन्यास का एलान करते हुए मिताली ने कहा- इतने सालों तक टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। इसने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया और उम्मीद है कि इससे भारतीय महिला क्रिकेट को भी आगे बढ़ने में मदद मिली। मिताली ने इसी साल न्यूजीलैंड में हुए महिला वनडे विश्व कप में अपना आखिरी मैच खेला था। उन्होंने टूर्नामेंट में सात मैचों में 26 की औसत और 62.97 के स्ट्राइक रेट से 182 रन बनाए थे। हालांकि, वह टीम इंडिया को खिताब नहीं



दिला पाईं। मिताली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और उसमें 68 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम राउंड रॉबिन फॉर्मेट से ही बाहर हो गई थी। 39 साल की मिताली ने 23 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करते हुए लिखा- वर्षों से आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद!

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव और डीजीपी को दिए सख्त निर्देश

## जनसमस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी: सीएम

**लखनऊ:** **मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि वह खुद निगरानी रखें। प्रदेश के किसी भी जिले में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होंगे। स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही होगी। इसके साथ ही सभी विकास प्राधिकरणों को अपनी वर्तमान और भावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान कहा कि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक यह सुनिश्चित करें कि जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान जनसमस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक



समाधान के प्रति संवेदनशील रहें। आमजन के प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण हो। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद कर मार्गदर्शन लेते रहें। उद्योग बंधु की बैठक नियमित अंतराल पर हो।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन परियोजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों की कृषि उत्पादन आयुक्त के स्तर पर समीक्षा की जाए। प्रदेश के किसी भी जिले में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होंगे।

जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। यह स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आमजनता को पार्किंग की स्थायी जगह उपलब्ध कराए। अब तक इस सम्बंध में हुई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

## कानपुर हिंसा: पीएफआई के तीन सदस्य समेत 54 गिरफ्तार

**कानपुर**

कानपुर में जुमे की नमाज के दौरान हिंसा भड़काने के मामले में अब तक 54 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें पीएफआई के तीन सदस्य भी हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ साक्ष्य मिलने का दावा किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बुधवार को बताया कि कानपुर के बेकनगंज स्थित नई सड़क पर तीन जून को हिंसा भड़काने के मामले में आरोपितों पर



कार्रवाई लगातार जारी है। उपद्रवियों और पत्थरबाजों की सीसीटीवी से मिली फुटेज से पहचान कर पोस्टर जारी किए गए थे। पोस्टर जारी होते ही पत्थरबाजों में खलबली मच गई।

## खबर संक्षेप

### 12 जून को प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा

**जसरा।** 12 जून को जसरा से होकर गुजरने वाला प्रयागराज-- बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इसकी जानकारी रेल विभाग द्वारा दी गई है। प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे क्रॉसिंग का गेट नंबर 424 पर गाड़ियों की गति बढ़ाने के लिए बीसीएम मशीन द्वारा ट्रैक के बैलास्ट की डीप स्क्रीनिंग का कार्य 12 जून को दुबारा किया जाएगा। जिसको ले करके रेल विभाग की ओर से क्रॉसिंग का गेट पूर्ण रूप से सुबह 7 बजे से दूसरे दिन सुबह 7 बजे तक बंद रहेगा। साथ ही फाटक से गुजरने वाली रोड को भी ठीक किया जाएगा। 12 जून को सड़क वाहन के लिए सुबह 8 बजे से 13 जून की सुबह 6:00 बजे तक पूर्णरूपेण बंद रहेगा तथा सड़क वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग से वाहनों को निकाला जाएगा। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को परिवर्तित मार्ग से आवागमन सुनिश्चित कराने के लिए तथा समुचित पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने के लिए उप जिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी को रेल विभाग की ओर से पत्र जारी कर अनुरोध किया गया है तथा थाना प्रभारी घूरपुर को व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी एक प्रतिलिपि भेजी गई है।

# संगम स्नान के दौरान तीन जिगरी दोस्त डूबे

## कानपुर व प्रयागराज के रहने वाले थे छात्र, जांच में जुटी जल पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम नहाने गए तीन जिगरी दोस्त नहाने के दौरान डूब गए जानकारी होने के बाद से एसडीआरएफ एवं जल पुलिस के गोताखोर सर्च अभियान में जुटे हैं। अभी तक किसी भी छात्र का शव नहीं मिल सका है। वहीं घटना की जानकारी होने पर सभी छात्रों के परिजन संगम क्षेत्र पर पहुंच गए हैं। कड़ेदीन यादव, उपनिरीक्षक जल पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे हेमान कुमार उम्र 18 वर्ष पुत्र विवेक कुमार समयामऊ, भोगनीपुर कानपुर, अमन कुशवाहा उम्र 16 पुत्र राजीव कुमार मोतिहारी, उतरांव प्रयागराज, प्रणव दुबे उम्र 17 पुत्र योगेश दुबे हंडिया प्रयागराज और मनीष सिंह अयोध्या संगम घूमने आये थे। अचानक हेमान, अमन और प्रणव ने नहाने की बात की और मनीष सिंह को अपना कपड़ा देकर संगम स्नान के लिए चले गए। काफी वक्त तक जब तीनों छात्र स्नानकर वापस नहीं आए तो मनीष ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचने पर रात से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक डूबे हुए छात्रों की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।







## सभी एक कोचिंग के थे छात्र

हनी सचान और 12वीं का और प्रणव 10वीं का छात्र हैं। वहीं मनीष आईआईटी की तैयारी कर रहा है। शनिवार को मनीष का 12वीं का अंतिम प्रश्नपत्र था। ये प्रयागराज के दीपांकर सचान के सचान कोचिंग में एक साथ पढ़ते थे। उसी कोचिंग के संचालक दीपांकर के सोहबतियाबाग मकान में एक साथ सभी छात्र रहते थे। छात्र मनीष ने भास्कर से बातचीत में बताया कि उसका मंगलवार को 12वीं बोर्ड का अंतिम पेपर था। वह आईआईटी की तैयारी भी कर रहा है। उसने बताया कि शाम करीब 8 बजे हम सभी ने संगम घूमने का प्लान बनाया। करीब 8 बजे घूमने के लिए निकल गए। रात करीब 10 बजे साथ गए दोस्तों ने संगम नहाने की बात कही। पर मैंने स्नान करने के लिए मना कर दिया। सभी तीनों दोस्त हनी, अमन और प्रणव संगम स्नान के लिए चले गए। काफी वक्त तक वापस लौटकर नहीं आने पर मनीष ने सचान कोचिंग के संचालक और हनी के मामा को दीपांकर सचान को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### इकलौता बेटा है प्रणव


प्रणव दुबे के पिता योगेश दुबे एलआईसी में एजेंट हैं। वह 10वीं का छात्र था। रेहथू हंडिया का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि प्रणव सभी का दुलारा था घर का इकलौता बेटा था, इसके बाद एक बहन थी।वहीं हनी 12वीं का छात्र था। मां रश्मि सचान शिक्षिका है। ये दो भाई थे। हनी नगर पालिका रोड पोखरांव कानपुर का रहने वाला था। वही कोचिंग संचालक दीपांकर सचान का भांजा था। अमन कुशवाहा के पिता किसान हैं। वह अपने बच्चे को इंजीनियर बनाना चाहते थे। अमन सबसे बड़ा था, इसके बाद एक भाई और एक बहन हैं।

# इविवि : सर्वर क्रैश होने से दूसरे दिन भी आनलाइन परीक्षा हुई प्रभावित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में करवाई जा रही आनलाइन परीक्षा बुधवार दूसरे दिन भी सर्वर क्रैश होने से बाधित रही। मंगलवार (पहले दिन) की तरह ही आज भी तमाम छात्र परीक्षा नहीं दे पाए। या तो उनका सिस्टम हैग हो गया या फिर वह सवालों का जवाब सबमिट नहीं कर पाए। इसे लेकर छात्र-छात्राओं में रोष बढ़ता जा रहा है। हालांकि प्रथम दिन परीक्षा बाधित होने पर परीक्षा नियंत्रक ने कहा था कि जो परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उनके लिए विवि फिर से वेबसाइट पर सूचना जारी करेगा। प्रथम दिन की तरह दूसरे दिन भी सर्वर क्रैश होने से तमाम छात्र-छात्राएं बिना परीक्षा दिए ही रह गए। सर्वर क्रैश होने की समस्या से बाधित हो रही विवि की परीक्षा के मामले में पीआरओ डा. जया कपूर का कहना है कि आनलाइन परीक्षा में गड़बड़ी के लिए वह एजेंसी जिम्मेदार है, जिसके माध्यम से आनलाइन परीक्षा करवाई जा रही है। इस संबंध में परीक्षा कराने वाली एजेंसी से शिकायत दर्ज करवाई गई है। फिलहाल आनलाइन

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा का जिम्मा लेने वाली एजेंसी पर मढ़ा दोष**



परीक्षा में रोजाना आ रही समस्या को देखते हुए छात्र-छात्राओं को आगे का डर सता रहा है। हालांकि विवि प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि परीक्षार्थियों के हित में जल्द ही कोई फैसला लिया जाएगा, लेकिन पहले दिन की ही तरह दूसरे दिन भी उसी तरह की समस्या पेश आने से विवि की भी समस्या बढ़ती जा रही है। पूरब का आक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की यह हालत संस्थान की तकनीकी सक्षमता पर भी सवाल खड़े करती है।

# खड़े कंटेनर से बोलेरो टकराई ,एक की मौत आधा दर्जन घायल





अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** मध्यप्रदेश से यात्रियों को भरकर प्रयागराज गंगा स्नान के लिए जा रही बेलेरो घूरपुर के कांटी गांव के सामने हाइवे पर खड़े कंटेनर से भिड़ गई । जिससे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई । साथ ही आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। मध्यप्रदेश के जनपद शहडोल के थाना बाणसागर क्षेत्र के डोल टोला अनहरा गांव निवासी चरका प्रसाद केवट (60) अपने परिजनों व रिश्तेदार बृजेश केवट (28),रामसखी केवट(56)सोनू केवट(26),राखी केवट(12),पार्वती केवट(30),सुंदरिया केवट,बब्बू केवट (40)बोलेरो चालक राजमणि कोल सहित कई बुधवार की दोपहर घूरपुर क्षेत्र के कांटी गांव पहुंचे थे ,अचानक बोलेरो चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और हाइवे के किनारे खड़े कंटेनर के पीछे भीड़ गई । जिससे बोलेरो के परखचे उड़ गए। तेज टक्कर के चलते बुजुर्ग चरका प्रसाद (60) की मौके पर ही मौत हो गई । बाकी उपरोक्त सभी लोग घायल हो गए। पुलिस ने चरका प्रसाद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, मचा कोहराम

**रत्योंरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव में बुधवार को सायं 6 बजे के आस पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में बाइक पर बैठे तीन लोगों में एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक प्रदीप उर्फ कन्हैयालाल पुत्र मुंशी आदिवासी निवासी खीरी थाना खीरी अपने दो अन्य साथियों के साथ कोरांव थाना क्षेत्र के बरहुला गांव किसी निमंत्रण में गया हुआ था। जहां से वह सायं 6 बजे के आसपास वापस लौट रहा था कि मिश्रपुर गांव के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप उर्फ कन्हैया लाल (25) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार तीन युवकों में एक की मौत देख एक युवक मौके से फरार हो गया। जबकि दूसरा युवक मौके पर ही रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ रहे युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रदीप उर्फ कन्हैयालाल चार बच्चे का पिता था। हादसे की खबर जैसे ही परिजनों को हुई परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।




## ट्रैक्टर और कार की टक्कर में बाल बाल बचे ग्राम प्रधान

**कुण्डा।** जेठवारा थाना क्षेत्र के सराय खानदेव गांव निवासी धीरज मिश्रा ग्राम प्रधान है।जो बुधवार को अपनी कार से बाबागंज ब्लॉक किसी काम से जा रहे थे।ग्राम प्रधान संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटा भवानी गंज के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोर दार टक्कर मार दी।हालांकि ग्राम प्रधान व उनके साथी को मामूली चोटे आई है। लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई।आस पास के लोगों ने ग्राम प्रधान व उनके साथी को इलाज के सीएचसी संग्रामगढ़ ले गए।

## न्यूज झरोखा

### मुख्य विकास अधिकारी ने कोरांव के तीन गोशालाओं का किया निरीक्षण

**पशुओं के कान में टैग न लगे होने पर पशु चिकित्साधिकारी खीरी को फटकार**



**रत्योंरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शिपू गिरी ने बुधवार को कोरांव के तीन गौशालाओं का निरीक्षण करते हुए लापरवाही पर जिम्मेदारों को फटकार लगाई है। गौशालाओं में रखे गए पशुओं के कान में टैग न लगे होने पर पशु चिकित्साधिकारी खीरी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि काम करना है तो जिम्मेदारी से करो नहीं तो निलंबन तय होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पशुओं के कान में टैग लगाने का निर्देश दिया। सीडीओ के निरीक्षण में देवरी के गौशाला में 244 गोवंश व 7 बछड़े पाए गए। इसी प्रकार पवारी गौशाला में 62 गोवंश व चार बछड़े मिले। सीडीओ ने गौशालाओं के भूसा भंडारण गृह एवं चरही तथा मवेशियों के पानी पीने आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारों को गौशालाओं में रह रहे मवेशियों की उचित देखभाल व समय समय पर चारा भूसा पानी देने की नसीहत दी। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्साधिकारी प्रयागराज आरपी राय, खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार, जेईएमआई समेत खीरी, पवारी, देवरी गांव के ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी समेत गौशालाओं में कार्यरत श्रमिक मौजूद रहे।

### पीडीए के रिटायर कर्मचारी पर दो बाबू हुए मेहरबान, रिटायरमेंट के बाद भी देते रहे वेतन




**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण के लापरवाह दो बाबूओं को लापरवाही के चलते सस्पेंड कर दिया गया है। दोनों बाबू एक कर्मचारी को रिटायर होने के बाद भी वेतन जारी करते रहे। इस बड़ी लापरवाही के चलते पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने बाबू आशुतोष तिवारी और नीरज प्रजापति को निलंबित कर दिया। अधिष्ठान के वरिष्ठ सहायक और सहायक लेखाकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**पीडीए करेगा 6.50 लाख रुपए की रिकवरी करेगी :** दरअसल, रमेश सिंह पीडीए में सहायक संपत्ति अधिकारी के पद से रिटायर हो चुके हैं। इसके बावजूद वह बाबू की सांठ गांठ के चलते एक साल तक वेतन लेते रहे। पीडीए ने बाबू को संस्पेड करने के बाद यह निर्णय लिया है कि अब रमेश सिंह से 6.50 लाख रुपए की रिकवरी की जाएगी। इसके लिए उन्हें नोटिस भी दे दिया गया है। पूछा गया है कि एक साल तक वह वेतन किस आधार पर लेते रहे। मामले की जांच के लिए उपाध्यक्ष ने एक टीम भी गठित कर दी गई है। बता दें कि वेतन जारी करने में हो रही धांधली को संयुक्त सचिव अजय कुमार ने पकड़ा था।

## बचपन बचाओ आंदोलन : मुक्त करवाए गए चार किशोर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एएचटीयू, एसजेपीयू और श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर चार किशोरों को मुक्त करवाया। यह विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए पाए गए थे। इस दौरान श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने सेवायोजकों के खिलाफ भी कार्यवाही की है और भविष्य के लिए हिदायत दी है। सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि जनपद में बाल श्रम प्राविधानों के अनुसार निरीक्षण की कार्यवाही की गई। इसमें एएचटीयू, एसजेपीयू की टीम ने हिस्सा लिया। इस दौरान चार प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुए चार किशोर पाए गए। संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए सभी चार किशोरों को मुक्त करवाया गया। अवमुक्त करवाए गए किशोर श्रमिकों के पुनर्वास की व्यवस्था करवाई जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ह्यबचपन बचाओ आंदोलनह्य की मूल भावना पर बल देते हुए किशोर श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन के माध्यम से ऐसे बालकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बल दिया जाएगा। किशोर श्रमिकों के अभिभावकों को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में लाभांवित किया जाएगा। इसके साथ ही अवमुक्त कराए गए बाल व किशोर श्रमिकों को बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत पात्रतानुसार लाभ दिलाया जाएगा। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेशचंद्र सरोज, एसजेपीयू प्रभारी गंगाप्रसाद, अलख नारायण सिंह, विकास सिंह, राणाप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल, नौ लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल दोनों मामलों में नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासी कन्हैयालाल पुत्र स्वर्गीय जमुना प्रसाद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके विपक्षी एक राय होकर उसको और परिजनों को मारे पीटे और बाउंड्री गिरा दिए।तथा जान से मारने की धमकी भी दिए ।ईट पत्थर चलाए। कन्हैयालाल ने मऊआइमा थाने में बृजेश कुमार ,जयसिंह, दलजीत उर्फ बम बम, गिरीश चन्द्र ,संगमलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम घीनपुर निवासी अजय कुमार पुत्र गणेश प्रसाद का आरोप है कि उसके साले पवन कुमार को अनायास मारा पीटा गया।अजय कुमार ने मऊआइमा थाने में शैलेन्द्र कुमार, सोनू, लल्लू उर्फ शिवम ,प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समाज को समानता का संदेश : हरिप्रप्नाचार्य महाराज

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन नेदुला गांव में श्रीमद्भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास प्रयाग पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य हरि प्रप्पनाचार्य महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसमें ऊषा चरित्र, नृग चरित्र, वासुदेव नारद संवाद, सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथा का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया।कथा के दौरान म्हारा ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। सुदामा की मनमोहक



झांकियो का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया।इस अवसर पर इस अवसर पर यजमान बाबुलनाथ दुबे, सावित्रि देवी, भुवनेश्वर नाथ दुबे, पुष्पा देवी, अनुज महाराज, अंबुज महाराज आचार्य संघर्षण, आचार्य मनीष पांडेय, अभिषेक शुक्ला, देवेन्द्र नाथ दुबे, मीरा देवी पूर्व प्रधान, राजेंद्र प्रसाद दुबे, सोनू दुबे, सुरेश कुमार दुबे, अनिल कुमार दुबे, राजकुमार दुबे, बाबा मिश्रा, अभयराज मिश्र, डॉ त्रिभुवन दुबे, विनय दुबे, रमेश पांडेय प्रधान, राकेश शुक्ला, संजय शुक्ला, नवनीत शुक्ला, जवाहर गौड़, आनंद दुबे, एडवोकेट कुशलेश दुबे, राहुल दुबे, आनंद दुबे, राहुल दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





## नगर पंचायत द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** शासन आदेश के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हो गया है। यह सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा। मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा शासनादेश के अनुसार बुधवार को अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है । बुधवार को रेलवे फाटक से पुराना बस अड्डा तक नाली के ऊपर पक्का निर्माण और अवैध रूप से लगाये गए टीन के सेट तथा अन्य अतिक्रमण को हटवाया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक हीरा लाल, मो आजम सहित नगर पंचायत के दर्जनों कर्मचारी और कस्बा इंचार्ज एस आई जगनारायण, एस आई तारा चंद्र, आशीष कपूर आदि के साथ भारी पुलिस बल मौजूद थी। बताया गया है कि बुलडोजर न होने के कारण अतिक्रमण हटाने का कार्य धीमा था। गुरूवार को बुलडोजर आने पर अतिक्रमण हटाने का काम कई हफ्तों तक चलेगा। बता दें कि नगर पंचायत मऊआइमा में पुराना बस अड्डा से लेकर तीन बत्ती तक दुकानदार और भारी अतिक्रमण किए हुए हैं । जिससे आए दिन जाम लगा रहता है। नगर पंचायत द्वारा बताया गया है कि बुलडोजर आते ही सारे अतिक्रमण हटा दिए जाएंगें। यदि कोई विरोध करेगा तो उस के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए गी।

## आज किया जायेगा गंगा दशहरा पर भंडारे का आयोजन

**नैनी प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति प्रयागराज द्वारा दिनांक वृहस्पतिवार को सुबह -5 बजे अरैल के नये पक्के घाट पर गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में (कचौड़ी सब्जी एवं शर्बत) के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के प्रबंधक/ सचिव कुंवर जी तिवारी एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक समिति के अध्यक्ष आजाद पाण्डेय जी ने दी।

## एनसीसी कैडेट्स ने चलाया सफाई अभियान

अखंड भारत संदेस

**नैनी प्रयागराज।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को नदियों और झीलों सहित समुद्र तटों और अन्य जल निकायों को साफ करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान 'पुनीत सागर अभियान' शुरू किया है। पुनीत सागर अभियान का प्रारंभिक चरण प्रयागराज में 14 जून, तक इसके अन्तर्गत प्रयागराज में स्थित विभिन्न घाटों पर एनसीसी कैडेटों के द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी आभियान के अंतर्गत, बुधवार को एन सी सी 15 यू पी बटालियन, सेंट जॉन्स अकादमी, करछना के छात्रों ने अरैल घाट पर सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया। कैडेटों ने यमुना तट की सफाई की और लोगों को स्वच्छता और स्वच्छ जल की महत्ता को भी समझाया।



कार्यक्रम का संचालन एनसीसी के एएनओ अभिजीत ने किया। इस मौके पर 15 यू पी बटालियन के हवलदार सुभाष चन्द्र कैडेट्स अनिरुद्ध कुमार,माहिन फारुकी, जिया तुत्तेजा, पलक श्रीवास्तव,शौम्य प्रकाश एस राज सिंह, शुभम सिंह उत्कर्ष पाण्डेय, प्रभात शुकला, एसराज सिंह हर्षित सिंह,अभिनव सिंह,, उज्जवल सिंह कृति सिंह आदि सम्मिलित रहे।

### खबर संक्षेप

**पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष ने लोगो से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील**

**खीरी प्रयागराज।** कानपुर जिले मे हुई हिंसक घटना के मद्देनजर देखते हुए खीरी थाना परिसर मे थानाध्यक्ष अनील वर्मा की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई ।थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस इससे काफी मुस्तैदी से जगह - जगह रात भर तैनात किया गया है ।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सतर्क है ।अगर कोई दंगा प्रसाद करने का प्रयास किया तो कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा ।इसी को लेकर शांति सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई गई है ।इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित हिन्दू, मुस्लिम अन्य समुदाय तथा गांव के सम्भ्रात नागरिक बुलाया गया है ।आपके गांव मे किसी प्रकार के अराजकत्व हिंसा के संबंध मे बात करता है उसकी सूचना तत्काल दे ।ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो ।अगर कोई किसी भी घटना का अफवाह करते नजर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । इस दौरान उपनिरीक्षक बप्पी सोनी, हरिनंद सिह, विनोद कुमार, धर्मेंद्र सिंह, चन्द्रशेखर यादव, यतेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, बरकत अली, उमेश यादव, युसुफ अली आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पिता का आरोप, दहेज के लिए करते थे परेशान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पिता ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

फूलपुर तहसील के बहरिया थाना क्षेत्र के करनाईपुर पटेल नगर स्थित गांव लक्ष्मणपुर संगीता देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार ने फांसी लगा ली।जब इसकी सूचना मायके वालों को मिली तो लड़की के पिता लल्लू राम पटेल निवासी चीतनपुर थाना नवाबगंज ने अधिक दहेज की मांग को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए। पति वीरेंद्र कुमार भाई विमलेश कुमार बहन पूजा सुमन आए दिन दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे।लड़की के पिता ने बताया कि अभी हमारी लड़की की शादी एक माह पहले की गई थी' और आज उसकी हत्या कर दी गई' हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना बहरिया के प्रभारी रमेश कुमार सिंह मय हमराह उप निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल कांस्टेबल अर्पित सिंह कांस्टेबल दीपक शर्मा कांस्टेबल राजीव शर्मा महिला कांस्टेबल सुमन महिला कांस्टेबल लालसा मौर्या ने तत्परता दिखाते हुए' मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया' और तहरीर के आधार पर तमाम धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी' इस संबंध में इंस्पेक्टर का कहना है की मामला संदिग्ध है।पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ किया जा सकता है। पुलिस मामले की जांच गंभीरता से कर रही है।मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस कार्रवाई करेगी।



घटना के बाद रोते बिलखते परिजन व मौजूद भीड़

### अस्पताल से फरार नैनी सेंट्रल जेल का बंदी गिरफ्तार, आगरा में छिपा था दुष्कर्म का आरोपित

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल का फरार बंदी पकड़ा गया। प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल से पुलिस को चकमा देकर कई दिन पूर्व भागने वाला बंदी दीपक पाल आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। वह आगरा में एक परिचित के घर पर छिपा हुआ था। उससे पूछताछ से मिले कुछ सुराग के आधार पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने नैनी सेंट्रल जेल में सर्च आपरेशन चलाया। हालांकि इस दौरान कुछ खास जानकारी नहीं मिल सकी।

**प्रतापगढ़ का मूल निवासी दीपक पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है :**

बता दें कि दीपक पाल मूलरूप से प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर मगैती गांव का रहने वाला है। वह यमुनापार के नैनी में पदम इन्क्लेव में रहता था। प्रयागराज में सिविल लाइंस थाने में एक युवती ने बीते वर्ष सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें दीपक पाल भी आरोपित है। पुलिस ने उसे मार्च 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



## हाईकोर्ट समाचार

### शिक्षक भर्ती के लिए दो अखबारों में विज्ञापन का प्रावधान : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि राज्य में व्यापक प्रसार वाले दो समाचार पत्रों में भर्ती विज्ञापन देने का प्रावधान शिक्षक भर्ती के लिए निर्धारित किया गया है। लिपिक भर्ती में यह लागू नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि इंटरमीडिएट एजुकेशन एक्ट की धारा 16 (ई) में वर्णित प्रदेश में व्यापक प्रसार वाले दो अखबारों में भर्ती विज्ञापन की शर्त लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती पर लागू नहीं है। ये भर्तियां रेग्युलेशन 100, 101 और 102 के तहत की जाती हैं।यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने आजमगढ़ के श्रीपति इंटरमीडिएट कॉलेज में नियुक्त लिपिक अरविंद कुमार यादव की याचिका पर दिया है। इसी के साथ कोर्ट ने डीआईओएस आजमगढ़ को 2004 में प्रबंध समिति द्वारा लिपिक नियुक्ति का वित्तीय अनुमोदन देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने लिपिक की याचिका आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए डीआईओएस का वित्तीय असहमति संबंधी 11 जनवरी 2022 का आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही याची को वर्ष 2016 से वेतन भुगतान करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि याची की नियुक्ति 2004 में हुई लेकिन वित्तीय अनुमोदन नहीं मिला।डीआईओएस ने अनुमोदन से इनकार करने में 12 साल लगा दिए। देरी के लिए न केवल डीआईओएस जिम्मेदार है, बल्कि याची व प्रबंध समिति ने भी अपने अधिकारों के लिए कोर्ट की शरण नहीं ली। 2016 में इनकार के बाद कोर्ट आए।याचिका में बताया गया कि याची को डीआईओएस के अनुमोदन के बाद विद्यालय प्रबंध समिति ने वर्ष 2004 में नियुक्त किया था। जिसका स्थानीय अखबार में विज्ञापन दिया गया था। भर्ती के छह आवेदन आए थे लेकिन डीआईओएस ने वित्तीय अनुमोदन नहीं दिया और 12 साल बाद 2016 में वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने से इनकार कर दिया। डीआईओएस के आदेश को चुनौती देते हुए याची ने वर्ष 2016 में याचिका की, जिस पर कोर्ट ने डीआईओएस को पुनः मेरिट पर आदेश करने का निर्देश दिया था। डीआईओएस ने दूसरी बार भी नए आधार पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने में असमर्थता जताई।विभाग ने प्रति शपथपत्र में कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति ने लिपिक भर्ती का विज्ञापन मात्र एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया है। स्थायी अधिवक्ता ने कहा कि विभाग के आदेश के बाद भी याची टंकण परीक्षा देने डीआईओएस कार्यालय नहीं पहुंचा। इस पर याची की ओर से कहा कि वर्ष 2004 में याची का चयन टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही किया गया था। कोर्ट ने कहा कि डीआईओएस ने अपने प्रति शपथपत्र में यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि याची की नियुक्ति को वित्तीय सहमति प्रदान करने का प्रकरण 12 साल तक क्यों लंबित रखा गया।डीआईओएस ने 2016 में अपने पहले आदेश में विज्ञापन पर कोई आपत्ति अंकित नहीं की थी। लिपिक पद पर 2004 में चयन के बाद न तो याची के द्वारा और न ही विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा वित्तीय सहमति प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। याची ने भी डीआईओएस के वर्ष 2016 के आदेश के बाद ही कोर्ट का रुख किया।

### भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों को लेकर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल के विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार व संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों से 6 सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश पुलिसकर्मियों द्वारा दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर जस्टिस राजीव जोशी व जस्टिस राजीव मिश्रा की अलग-अलग कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दिया है। इन पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर उनके विरुद्ध चल रही विभागीय कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। पुलिस कर्मियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा अन्य अलग-अलग धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज कराई गई थी। याचिका दाखिल करने वाले इंस्पेक्टर, दरोगा, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद ,अलीगढ़, कानपुर नगर, बरेली व वाराणसी में तैनात हैं।अधिकारियों ने भ्रष्टाचार व अन्य आपराधिक मामलों के आधार पर इन पुलिस कर्मियों के खिलाफ चार्जशीट दे दी एवं विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी। याची पुलिस अधिकारियों की तरफ से बहस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का तर्क था कि इनके खिलाफ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 14 (1) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जो आरोप पत्र दिए गए, वे गलत हैं। कहा गया कि विभागीय कार्रवाई पूर्व में दर्ज प्राथमिकी को आधार बनाकर की जा रही है एवं क्रिमिनल केस के आरोप तथा विभागीय कार्रवाई के आरोप एक समान हैं।इसके अलावा साक्ष्य भी एक हैं। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के कैप्टन एम. पाल एंथनी मामले में दिए गए निर्णय के विरुद्ध है। अधिवक्ता विजय गौतम ने कोर्ट को बताया कि जब आपराधिक व विभागीय कार्रवाई एक ही आरोपों को लेकर चल रही हो तो विभागीय कार्रवाई आपराधिक कार्रवाई के निस्तारण तक स्थगित रखी जाए। अधिवक्ता का कहना था कि यूपी पुलिस रेग्युलेशन को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट्यूटरी कानून माना है और स्पष्ट किया है कि इसका उल्लंघन करने से आदेश अवैध और अमान्य हो जाएंगे।

## टीजीटी-पीजीटी के 4163 पदों पर निकली भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) और पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) के 4,163 पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में 9 जून से चयन बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 9 जुलाई, 2022 रखी गई है। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के उप सचिव और परीक्षा नियंत्रक नवल किशोर ने बताया कि प्रशिक्षित स्नातक में कुल पदों की संख्या 3,539 है। इसी तरह से पोस्ट ग्रेजुएट टीचर के कुल 624 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। इससे पहले 15 मार्च, 2021 को माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने वैकेंसी निकाली थी। पीजीटी के 12603 और टीजीटी 2595 पदों पर भर्ती प्रक्रिया 31 अक्टूबर, 2021 को पूरी कर ली गई थी। लगभग 15 महीने बाद चयन बोर्ड ने एक बार फिर वैकेंसी निकाली है। नवल किशोर ने बताया कि चयन बोर्ड का टारगेट दिसंबर, 2022 तक हर हाल में चयन प्रक्रिया पूरी करने का है।

## कारडेट फूलपुर मे कौशांबी जनपद के कृषकों का तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कृषकों को प्राप्त प्रशिक्षण को और लोगों में प्रचारित एवं प्रसारित करना चाहिए , खेती में जैव उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए । किसान भाई अपनी आय बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं इसमें सरकार उनका सहयोग कर रही है , परंतु जानकारी के अभाव में हम वांछित लाभ नहीं ले पाते। भारत किसानों का देश है और भारतीय किसानों ने कोरोना महामारी जैसे विपरीत समय में भी देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उक्त बातें कारडेट प्रशिक्षण कक्ष में राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अध्यक्ष ,उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लिमिटेड लखनऊ ने बतौर मुख्य अतिथि , कौशांबी जनपद के किसानों के तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कही । कुशवाहा ने कारडेट और इफको के द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में कारडेट प्रधानाचार्य राजेंद्र यादव ने सभी को कारडेट एवं इफको के क्रियाकलापों से परिचित कराया और किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की धरती पर दूसरा भगवान है तो वह है किसान।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडी सिंह, क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने की। उन्होंने बताया कि कौशांबी जनपद के कृषक केला और अमरूद तथा बागवानी वाली फसलों में प्रगति कर रहे हैं । उन्होंने नैनो यूरिया के प्रयोग एवं उसके लाभों के बारे में बताया उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उर्वरक सब्सिडी में खर्च होने वाला पैसा यदि बचता है तो देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वह इफको नैनो यूरिया तरल को अपनाएं और प्रयोग करके लाभ ले। इसी क्रम में जेएस यादव पूर्व महाप्रबंधक हरियाणा कोऑपरेटिव डेयरी विभाग ने पशुपालन की जानकारी दी तथा पशुओं के रखरखाव और उनके स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का संचालन कारडेट प्रशिक्षण प्रभारी नंद जी जयसवाल ने किया । इस अवसर पर कारडेट के श्री एल एस पांडे, डॉक्टर एचएम शुक्ला, श्रीमती सविता शुक्ला, डीके पांडे, राजेश कुमार सिंह, सुमित तेवतिया, अमित कुशवाहा, मुकेश तिवारी सहित कारडेट कर्मचारी मौजूद रहे।





# आसमान से बरस रही आग राहत के लिए करिए इंतजार !

**शहर के साथ-साथ और ग्रामीणांचल में बिजली कटौती ने बढ़ाई मुसीबत दोपहर के वक्त खाली हो जा रहीं सड़कें, 15 जून के बाद आएगा मानसून**

आलोक गुप्ता

**प्रयागराज।** आसमान से आग बरस रही है। तापमान 44-45 के आसपास बना हुआ है। पिछले कई दिनों से यही स्थिति देखने को मिल रही है। आने वाले कुछ दिन और इसी तरह रहेंगे। सुस्त चाल चल रहा मानसून 15 जून के बाद ही दस्तक देगा। सुबह के आठ बजते ही वातावरण में गर्म हवाएं डेरा जमा लेती हैं, फिर रात दस-11 बजे के बाद ही थोड़ी राहत मिलती है। मौसम विभाग ने हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है। वहीं आद्रता 18 प्रतिशत रहेगी। इससे लोगों को उमस से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाला सप्ताह भी इसी तरह बीतने वाला है। राहत की कोई किरण दिखाई नहीं दे रही है। आगामी तीन दिनों तक लू चलेगी। हीट वेव का भी अलर्ट है। सोमवार से गुरुवार तक अधिकतम तापमान 44 पार रहने का दावा मौसम विभाग की ओर से किया जा रहा है।

मौसम के जानकार और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एआर सिद्दीकी का कहना है कि जनपदवासियों को अभी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। मानसून के लिए 15 जून का इंतजार करना पड़ सकता है। बताया कि हीट वेब का भी अलर्ट जारी किया गया है। प्रोफेसर एआर सिद्दीकी ने कहा कि जब किसी जगह का तापमान, उस क्षेत्र के सामान्य तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जाता है, तो हीट वेव की घोषणा की जाती है। यदि तापमान सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है, तो आईएमडी इसे 'गंभीर' हीट वेव की श्रेणी में रखता है। बताया कि आईएमडी हीट वेव घोषित करने के लिए एक अन्य मानदंड का प्रयोग करती है, जो पूर्ण रूप से दर्ज तापमान पर आधारित होता है। यदि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो विभाग हीट वेव का अलर्ट जारी कर देता है और जब यही तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाए तो यह गंभीर हीट वेव की श्रेणी में रखा जाता है।

फिलहाल मौसम विभाग के जानकारों की राय में आने वाला चार-पांच दिनों तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है। प्रयागराज के साथ-साथ समीपवर्ती जनपद प्रतापगढ़ और कौशांबी में तापमान की स्थित कमोवेश ऐसी ही रहने वाली है। जबकि प्रयागराज के दक्षिणी हिस्से में स्थित चित्रकूट जनपद में तापमान लोगों को झुलसा सकता है। लखनऊ और वाराणसी में भी तापमान 43 से 45 के आसपास रहने की उम्मीद जताई जा रही है। यह स्थिति उस समय है, जब नौतपा खत्म हो गया है। और, यह तपन अच्छी बारिश की तरफ इशारा कर रही है। फिलहाल 15 जून तक इसी तरह के मौसम की उम्मीद जताई जा रही है।

दूसरी तरफ भीषण गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती भी जारी है।

शहर हो या गांव, हर तरफ कटौती की जा रही है। हालांकि विभाग इसे ओवरलोड या फिर लोकल फाल्ट कहकर पल्ला झाड़ रहा है, लेकिन भीषण गर्मी के सीजन में लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत पानी की हो रही है। बीती रात लूकरगंज मोहल्ले में बिजली नहीं आई। लोकल फाल्ट की वजह से आज पूर्वाह्न मरम्मत होने के बाद आपूर्ति शुरू की गई। इसके अलावा ट्रांसफार्मरों के जलने, लाइन के ट्रिप करने की भी समस्या सामने आ रही है। करेली क्षेत्र के रसूलपुर में एक लाइनमैन पशुपति निषाद कार्य के दौरान घायल होगया। बताया जाता है कि कार्य के दौरान बिजली चालू कर दी गई थी। फिलहाल बिजली कटौती और बार-बार की ट्रिपिंग की समस्या से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

# गंगा की जैव विविधता संरक्षण को लेकर जागरूक करेंगे गंगादूत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय 50 युवाओं के तीसरे बैच (7-8जून, 2022) प्रशिक्षण का समापन विकासखंड चाका के एमएसएमई विकास संस्थान, नैनी प्रयागराज में किया गया। दो दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण को 50 के बैच में चलाया गया । समापन कार्यक्रम में एमएसएमई के सहायक निदेशक संजय कुमार अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और सभी गंगा दूतो को उनके द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने युवाओं को गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़ने हेतु सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन स्पीयर हेड निर्मल कांत पांडे ने किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान से फील्ड इंचार्ज केपी उपाध्याय ने गंगा का महत्व,जैव विविधता, जलीय जीव और डॉल्फिन पर विस्तार से पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। सौरभ कुमार ने पी पी टी के माध्यम से गड़ियाल , ऊदबिलाव के संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी ।राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने सभी गंगा दूतो से गंगा विषय पर सामूहिक चर्चा और कौशल विकास की कार्यशाला ली ।कार्यक्रम में स्वयं सेवक रोहित, रितिका का खास योगदान दिया।



प्रशिक्षण समाप्त होने पर गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

# विधवा महिला श्रमिकों के विवाह अनुदान फॉर्म तक किया निरस्त

**श्रम विभाग की कारस्तानी : सुविधा शुल्क बिना प्रयागराज के हजारों योजना आवेदन फॉर्म निरस्त, अपात्रों को तरजीह, आंदोलन की तैयारी**

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** सरकार एक तरफ गरीब श्रमिकों के उत्थान सहयोग हेतु योजनाओं के जरिए लाभ पहुंचाना चाहती है,तो वहीं श्रम विभाग बड़ी बेशर्मी से गरीब पंजीकृत श्रमिकों के योजनाओं के अनुदान फॉर्म श्रम विभाग के जांच अधिकारी प्रति फॉर्म दस हजार रुपए न पाने पर दो दो साल से अनुदान हेतु लालाइत लाभार्थियों के आवेदन फॉर्म किसी का अभिलेख नहीं संलग्न तो किसी का श्रमिक होने का प्रमाण नहीं है तो किसी का शादी कार्ड नहीं है आदि कमियां दिखा दिखा कर तो किसी का आवेदनों से दस्तावेज निकाल कर गायब करके निरस्त कर दे रहे हैं जिससे श्रमिकों में और इलाकाई जन प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि पंजीकृत श्रमिकों ने उप श्रमायुक्त कार्यालय प्रायग्राज में पिछले दो सालों से लेकर अब तक हजारों आवेदन पुत्री विवाह अनुदान, मातृत्त सीसु हित, मृत्यु दुर्घटना आदि योजनाओं के तहत आवेदन आफलाइन तथा आन लाइन किए हैं,किंतु श्रम विभाग के कई अधिकारियों का एक रैकेट मात्र सुविधा शुल्क देने वालों उनके दलालों के जरिए जिससे प्रति फॉर्म दस हजार रुपए पाते हैं उन्ही के आवेदन पात्र पास करके शेष कोई न कोई कमी दिखा कर निरस्त कर देते हैं। उक्त अफसरों को किसी की गरीबी मजबूरी तथा विधवा श्रमिकों के प्रति भी कोई दया द्दष्टि शानुभूति नहीं दिखी। अहम बात यह है कि पिछले सालों में जिनके बेटियों की शादियां कोरोना काल के कारण सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थगित हो गए थे,उसमे जांच अधिकारी ज्यादातर पात्र दिखाए किंतु जब कोरोना के कारण घर पर शादियां लोगों ने की तो उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए। आश्चर्य यह है कि इतने लंबे समय से गरीबों के आवेदन फार्मों को जांच करके यदि कोई पेपर्स की कमियां थी तो श्रमिकों को सूचित नहीं किए। अब इतने दिनों बाद अपात्र दिखा कर आवेदनों को निरस्त किया जाना श्रमिकों का शोषण है। तीन माह के अंदर जांच प्रक्रिया पूरी कर श्रमिकों को लाभ दिलाने की व्यवस्था को श्रम अधिकारियों ने दर किनार करते हुए दो दो साल तक आवेदनों का निस्तारण न किया जाना और निस्तारण के नाम पर भारी संख्या में आवेदनों को एक सिरे से खारिज किया जाना श्रमिकों के मौलिक और मानवाधीकारों का हनन है। इस संबंध में मुख्य मंत्री यूपी,स्त्रमायुक्त कानपुर उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी प्रयागराज आदि को अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज ने शिकायती प्रार्थना पत्र श्रमिकों के हितार्थ प्रेषित किया है जांच भी हुई किंतु कोई सुधार नहीं दिखा। श्रमिकों का एक प्रतिनिधि मंडल मिस्किन सेवा संस्थान ट्रस्ट, हिंद मजदूर सभा प्रयागराज के नेतृत्व में मंडलायुक्त और स्त्रामयुक्त कानपुर तथा प्रमुख सचिव श्रम लखनऊ से मिल कर दोषी श्रम जांच अधिकारियों के विरुध कार्यवाही की मांग करते हुए मनमाने ढंग से निरस्त गरीब श्रमिकों के आवेदन फार्मों की पुनः जांच के बाद लाभान्वित किए जाने को बाध्य करेगा।

# आपसी संवाद तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण स्वस्थ समाज की पहली आवश्यकताः डीएम

## डीएम ने धर्मगुरूओं के साथ जनपद में सौहार्द्र बनाये रखने के लिये की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में पुलिस लाईन स्थित सई काम्प्लेक्स सभागार में विभिन्न धर्मो के धर्मगुरूओं के साथ जनपद में सौहार्द्र बनाये रखने हेतु बैठक की। बैठक में सच्चा बाबा आश्रम के मनोज ब्रहमचारी, शहर नायब काजी मो0 अहमदउल्ला फारूकी, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, हौदेश्वरनाथ मन्दिर के पुजारी तथा सिक्ख समाज के समाजसेवी मंजीत सिंह छावड़ा ने समाज में सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने एवं सभी त्योहारों को मिल-जुलकर बनाये जाने के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सभी उपस्थित गणमान्य जनों एवं धर्मगुरूओं को आश्वस्त किया कि आपसी सौहार्द्र एवं शान्ति व्यवस्था खराब करने वाले अराजकतत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन पूरी निष्पक्षता से कार्रवाई करता है, आये हुये धर्मगुरूओं से उन्होने अपेक्षा करते हुये कहा न पनपे। उन्होने कहा कि समाज में वैमनस्य पैदा करने वाली हर घटना की सूचना अधिकारियों को दी जानी चाहिये ताकि समय रहते उसे समाप्त किया जा सके। सहयोग से विगत वर्षो में शान्तिपूर्ण माहौल में सभी त्योहार मनाये गये। उन्होने कहा कि सभी धर्म के पर्व एवं त्योहार वास्तव में आपसी भाईचारे के मिसाल



धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

कि अपने धर्म के नवयुवाओं को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें ताकि उनमें नकारात्मक प्रवृत्तियॉ बैठक में आये हुये सभी धर्मगुरूओं को जिलाधिकारी ने आभार व्यक्त किया जिनके पेश करते है। कोई भी धर्म, मजहब, हिंसा या असहिष्णुता की शिक्षा नही देता है। समाज के जागरूक एवं अग्रणी लोगों का यह दायित्व है कि युवाओं को सकारात्मक कार्यो को करने की शिक्षा दें। समाज में शान्ति व्यवस्था से ही विकास परक गतिविधियॉ चलायी जा सकती है जिससे जनपद का विकास हो सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धर्मगुरूओं की ओर से धार्मिक एकता की मिशाल पेश करते हुये जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, सीओ सिटी अभय पाण्डेय, एल0आई0यू0 इन्सपेक्टर ओपी सिंह, जनपद के मुख्य मस्जिदों के इमाम, मन्दिरों के पूजारी, ग्राम प्रधान एवं अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

# सई नदी में उतराया शव अमेठी जिले के युवक का निकला

## आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सई नदी में रक्तरंजित उतराये युवक के शव की छठवें दिन पहचान होने से पुलिस को फिलहाल थोड़ी राहत मिली है। पुलिस ने मृतक की मां माधुरी की तहरीर पर घटना में एक नामजद समेत तीन के खिलाफ हत्या तथा शव को छिपाये जाने का केस दर्ज किया है। वहीं मृतक युवक की मां की ओर से एक नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ लालगंज कोतवाली पुलिस को बुधवार को दी गई तहरीर मे बेटे की हत्या का आरोप लगाया गया है।

लालगंज कोतवाली के ककरहिया घाट पर दो जून को एक युवक का रक्तरंजित शव उतराया मिला। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवा दिया। अड़तालिस घण्टे तक शव की पहचान के लिए पुलिस ने मृतक का पीएम नहीं करवाया। इसके बाद भी पहचान न होने पर आखिर मे पुलिस ने जिला मुख्यालय में सई नदी के घाट पर अंतिम संस्कार करा दिया।

मंगलवार की देर शाम बेटे की तलाश करते करते मृतक की मां जिले के कोहडौर थाना पहुंची। वहां पुलिस ने अज्ञात शव की फोटो दिखाई तो मां और मृतक का छोटा भाई दहाड़ मारकर रोने लगा। मृतक युवक की पहचान पडोसी जिले अमेठी के थाना रामगंज के मंगरा गांव निवासी त्रिदेव तिवारी उर्फ सनी पुत्र स्व. रामअचल के रूप में हुई। हालांकि मृतक त्रिदेव का मूल निवास सुल्तानपुर के हनुमानगंज थाना के दरियापुर गांव मे था। वह मां तथा छोटे भाई त्रिपुरारी उर्फ मनी के साथ ननिहाल मे रहता था। मंगलवार को मृतक युवक की मां माधुरी अपने छोटे बेटे मनी तथा गांव के कुछ लोगों के साथ थाने पहुंची। यहां दहाड़ मारकर रो रही मां ने बताया कि उसके बेटे की गांव के ही कुछ युवकों ने मिलकर हत्या कर दी। माधुरी ने घटना को लेकर पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके बेटे त्रिदेव को लेकर मंगरा गांव के मिर्जा का पुरवा निवासी गुडडू उर्फ ध्रुव यादव पुत्र रामशिरोमणि व दो अन्य अज्ञात दो जून को शाम छह बजे घर से लेकर निकले थे। मृतक के साथी तो दूसरे दिन घर पहुंच गये किन्तु त्रिदेव अपने घर नही पहुंचा। परेशान परिजनों ने मृतक के दोस्तों से पूछताछ की तो उन लोगों ने बताया कि त्रिदेव को वह लोग प्रतापगढ़ मे ही छोड़ दिये थे। मां ने शंका जताई है कि आरोपी गुडडू व उसके भाई अभिषेक उसके बेटे को बहला-फुसलाकर प्रतापगढ़ ले गये और हत्या कर शव नदी मे फेंक दिया।

# सीसीटीवी कैमरे के कैमरे में रहेगा गंगा दशहरा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी को आज अंतिम रूप दिया गया। बेल्हा देवी धाम में आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें गुरुवार को श्री गंगा दशहरा महोत्सव मनाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

विद्युत झालरों आदि सजावट का काम आयोजन समिति की देखरेख में आज से ही शुरू हो गया। समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने सभी माँ के भक्तों से अपील किया कि गुरुवार को शाम चार बजे मां बेल्हा देवी धाम पहुंचकर गंगा दशहरा महोत्सव दीपदान एवं महा आरती में शामिल होकर पूर्ण के भागी बने। जो भी भक्त महा आरती में शामिल होना चाहे वे थाली व पांच दीपक अपने-अपने घर से ला सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 9 जून को होने वाले गंगा दशहरा की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। शाम को 11551 दीपों से सारे

### भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

घाटों को प्रकाशमय करके छह बजे माँ सई गंगा की महाआरती होगी जिसमें 108 पुरोहित विशेष मंत्रोच्चारण, शंख, घड़ियाल बजाते हुए महाआरती की शुरूआत करेंगे। व्यवस्था प्रभारी राजा पंडा ने सभी मां के भक्तों से अनुरोध किया कि इस शुभ अवसर पर माँ बेल्हा देवी धाम में माँ सई गंगा के घाट पर पहुंचकर इस भक्ति के वातावरण के साक्षी बने और पुण्य के भागी बने। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने सुरक्षा की सारी व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगाने का निर्देश दिया है। एसडीएम सदर, सीओ सिटी, शहर कोतवाल आदि अधिकारीगण पूरी व्यवस्था में जी जान से सहयोग कर रहे हैं। गंगा दशहरा महोत्सव के अवसर पर जल, नदियों एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल ने बताया कि सई नदी प्रदूषित है इसे बचाने के लिए दीपों के समक्ष सामूहिक रूप से नदी संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा क्योंकि यह पर्व नदियों के संरक्षण एवं महत्व को दर्शार्ता है।

## आरोपी दे रहे धमकी, आईजी से इंसाफ की गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के असरही गांव निवासी फौजदार के पुत्र आशिक अली ने पुलिस महानिरीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र मे आरोप लगाया है कि विपक्षी मो. रोशन आदि ने उसके घर की महिलाओं को मारापीटा था। घटना को लेकर पुलिस ने हत्या के प्रयास व बलवा समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज भी हुआ है। पीड़ित का कहना है कि मुकदमें मे सुलह को लेकर आरोपी अब जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि आरोपियो के द्वारा अवैध असलहे से लैस होकर उसके घर पर गालीगलौज की गयी और पीने के पानी के नल को भी तोड दिया गया। पीडित का कहना है कि उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी किंतु पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। पीड़ित ने स्वयं तथा परिवार के सदस्यों की जान को खतरे मे बताते हुए इंसाफ की गुहार की है।

# एएसपी के वार्षिक निरीक्षण में खामियां, चढ़ा पारा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र के स्थानीय कोतवाली लालगंज के वार्षिक निरीक्षण में जमकर खामियां मिली। गन्दगी तथा अभिलेखों के रख रखाव को बेतरतीव पाये जाने पर एएसपी का पारा शुरू से चढ़ा तो देर रात तक मातहतों पर चढ़ा का चढ़ा दिखा। एएसपी रोहित मिश्र मंगलवार की देर शाम कोतवाली पहुंचे।

यहां परिसर का निरीक्षण करने पर पुलिस बैरिक में खिडकियों तथा दरवाजों में टूटन आदि देखकर गुस्सा आ गया। इसके बाद उन्होनें मालखाने का निरीक्षण किया। मालखाने मे भी गंदगी देख एएसपी ने दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी को जमकर फटकार लगायी। असलहों व कारतूसों का निरीक्षण करते समय एएसपी ने दीवान से जितने भी सवाल दागे दीवान सब में फेल के फेल नजर आये। अभिलेखों के निरीक्षण में भी एएसपी को आगन्तुक



लालगंज कोतवाली में निरीक्षण करते एएसपी पश्चिमी रोहित।

पंजिका, महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत पंजिका, प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में समुचित कार्रवाई का अंकित न होना अखर गया।

एएसपी ने कोतवाल कमलेश पाल की तरफ त्यौरी चढ़ाते हुए दीवान को फिर जमकर कर्रा किया। थाने मे एफआईआर के ऑनलाइन रिकार्ड में कम्प्यूटर सेल में हार्ड कॉपी का रिकार्ड न देख भी एएसपी नाराज हो गये। उन्होनें कम्प्यूटर्स सेल को प्रत्येक एफआईआर की हार्ड कापी सुरक्षित रिकार्ड मे रखे जाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना परिसर की चहरदीवारी का भी निर्माण कराये जाने की प्रकिया को शुरू कराये जाने को कहा। एएसपी ने वार्षिक निरीक्षण में चैकीदारों को विभाग की ओर से टार्च तथा वर्दी व गमछा आदि भी प्रदान किया। वहीं उन्होनें चैकीदारों को गांवो मे अवांछित गतिविधियों पर नजर रखते हुए थाना प्रभारी को प्रतिदिन गोपनीय रिर्पोट दिये जाने को कहा। कोतवाली मे लम्बित विवेचनाओं की फेहरिस्त देख भी एएसपी का पारा गर्म रहा। उन्होनें निरीक्षण के दौरान मौजूद सीओ रामसूरत सोनकर को प्रतिदिन प्रत्येक उप निरीक्षक को दो विवेचनाओं के गुण-दोष पर निस्तारण कराए जाने को कहा। लम्बित विवेचनाओं पर कोतवाली मे तैनात सबके सब दरोगा एएसपी की फटकार के शिकार हुए। नाराज एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को कोतवाली मे तैनात उप निरीक्षकों तथा दीवान एवं मुंशी व आरक्षियों के तैनाती की अवधि का चार्ट भी तलब कर लिया। इसे लेकर दूसरे दिन बुधवार को भी महकमे मे खलबली का माहौल दिखा। निरीक्षण के दौरान सीओ रामसूरत सोनकर व प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने एएसपी को वांछित जानकारियां प्रदान की।

# केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर भाजयुमो ने निकाली बाइक यात्रा

## सांसद व विधायक ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार का आठ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में विकास तीर्थ बाइक यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय बाबागंज से सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाइक यात्रा में शामिल युवा सातो विधानसभा में सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यो पर होते हुए यह यात्रा जिला मुख्यालय पर निमार्णाधीन 100 बेड हॉस्पिटल से होते हुए केंद्र सरकार द्वारा बनवाये गए मेडिकल कालेज में आयोजित समापन



बाइक यात्रा को हरी झण्डी दिखाते सांसद व विधायक।

गोष्ठी में सम्मिलित हुए। समापन गोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र एवं सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष हरिओम ने सरकार के आठ वर्षों में किये गए विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी सभी युवाओं को दी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शुक्ल, शुभम सिंह, अवनीश सिंह, मनोज यादव, जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, सुजीत पाण्डेय जिला मंत्री अंकित ननवग, सुनील सरोज, कोषाध्यक्ष शैलेष मिश्र, अविनाश, रितेश, रविन्द्र, प्रदीप, विवेक, रोहित, प्रिंस, देवांश, पंकज, मदन, वैभव, रविश आदि समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थगन आदेश के बाद भी आरोपी कर रहे निर्माण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उच्च न्यायालय द्वारा विवादित जमीन के स्थगन आदेश के बावजूद भी पड़ोसी द्वारा जबरन निर्माण करने की शिकायत पीड़ित ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के सराय मधई गांव के रहने वाले हरिराम पुत्र मल्लू ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को एक शिकायती पत्र देकर मामले में शिकायत किया है उसने बताया कि उसके पड़ोस के रहने वाले दबंगई के बल पर जबरन विवादित जमीन पर निर्माण करना चाह रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि जमीन उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्थगन हुआ है। उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए पीड़ित ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जाएः सचिव

## 13 अगस्त को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त 2022 के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशन में समस्त न्यायिक मजिस्टेªट के साथ लोक अदालत के नोडल अधिकारी आलोक द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने सभी न्यायिक अधिकारियों से अपेक्षा करते हुये कहा कि न्यायिक अधिकारी अपने न्यायालय से अधिक से अधिक मामले चिन्हित करें ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक



बैठक में बोलते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संजय शंकर पाण्डेय

से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सके। बैठक में बलराम दास सिविल जज सी0डि0 एफटीसी द्वितीय, अर्चना तिवारी सिविल जज सी0डि0 कक्ष संख्या-15, अरूणक्रान्ती यशोदास सिविल जज सदर, शिवम द्विवेदी सिविल जज कक्ष संख्या-15, ईशा त्रिपाठी अपर सिविल जज जू0डि0 कक्ष संख्या-23, विश्वनाथ प्रताप सिंह अपर सिविल जज कक्ष संख्या-24, चारू सिंह अपर सिविल जज कक्ष संख्या-17, निदा जैदी अपर सिविल जज कक्ष संख्या-29, कुंवर दिव्यादर्शी अपर सिविल जज कक्ष संख्या-26 सहित अन्य न्यायिक मजिस्टेªट उपस्थित रहे।

# बंगाल की प्रख्यात लेखिका डॉ० रेशमी लोकार्पण समारोह में होंगी शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोलकाता की सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ० रेशमी पाण्डा मुखर्जी 23 जून को राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ में आयोजित स्वलिखित शोध-समीक्षा ग्रंथ मानवीय बोध की कलम डॉ० दयाराम मौर्य रत्न के साहित्य का मूल्यांकन के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगी। बता दें कि डॉ० मुखर्जी कोलकाता स्थित गोखले मेमोरियल गर्ल्स कालेज के हिन्दी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। गौरतलब है कि डॉ० मुखर्जी ने डॉ० दयाराम



डा0 रेशमी पाण्डा मुखर्जी

मौर्य रत्न के साहित्य का 17 अध्यायों में मूल्यांकन किया है। पूरा ग्रन्थ 316 पृष्ठों का है। अध्यक्षता छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की अधिष्ठाता डॉ० गायत्री सिंह द्वारा की जाएगी। यह जानकारी डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने समारोह की तैयारी बैठक में दी है। बैठक में रोशनलाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, राधेश्याम दीवाना, लखन प्रतापगढ़ी, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, कुंजबिहारी लाल मौर्य श्काकाश्रीश, जितेन्द्र कुमार मौर्य सहित सृजना के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा धन उगाही की शिकायत मुख्यमंत्री से

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सरकारी जमीन पर आरोपियों द्वारा कब्जा करने और पीड़ित द्वारा मना करने के मामले में पुलिस ने एक किशोर को थाने उठा लाई। मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर मामले में धन उगाही की शिकायत किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के दशरथपुर गांव के रहने वाले बबलू पाल पुत्र जगदेव पाल ने बताया कि उनके पड़ोसी चारागाह की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं रोकने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं इसी विवाद को लेकर पुलिस उसके बेटे को थाने उठा लाई आरोप है कि उसे छुड़ाने के नाम पर पुलिस पैसे की मांग कर रही है। पीड़ित ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से शिकायत किया है।

# लालगंज व कटरा मेदनीगंज से मिला 78 किलो गांजा, गिरफ्तार

### लालगंज में पकडे.गये आरोपी की निशानदेही पर कटरा मेदनीगंज में भी बरामद हुआ 66 किलो गांजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार की रात चेंकिंग के दौरान मिली मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बारह किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के निशानदेही पर नगर क्षेत्र स्थित एक मकान से छाछठ किलो और गांजा बरामद करने में सफलता मिली। वहीं एक युवक साथी संग भागने में सफल रहा। गांजा की कीमत लगभग 12 लाख की आंकी जा रही है।

स्थानीय सर्किल के सीओ रामसूरत, प्रभारी कमलेश कुमार पाल व एसओजी टीम प्रभारी सुनील कुमार पुलिस बल के साथ सगरा बैरियर के पास चेंकिग लगाए हुए थे इसी दौरान एक मुखबिर ने बताया कि हंडौर तिराहे पर एक युवक अवैध गांजा लेकर खाड़ा है।

### साथी संग फरार हुआ मास्टर माइंड मुकुंद

मुखबिर द्वारा स्थान पर पहुँची पुलिस ने बारह किलो अवैध गांजा के साथ युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जयसिहं यादव पुत्र गहरू निवासी नगर कोतवाली क्षेत्र के भुवालपुर किला,कटरा मेदनीगंज बताया। आरोपी ने बताया कि यह गांजा मुझे मेरे गाँव के ही मुकुंद सिहं पुत्र सूर्यभान सिहं ने लालगंज में एक व्यक्ति को देने के लिए कहा था। पकड़े गए युवक ने यह भी बताया कि मुकुंद सिंह का गांजा कटरा मेदनीगंज के एक मकान में और रखा हुआ है। निशानदेही पर पुलिस की छापेमारी में उक्त मकान से लगभग 66 किलो गांजा और बरामद किया गया। वही मुख्य आरोपी मुकुंद सिंह साथियों संग भागने में सफल रहा। पुलिस ने लगभग 78 किलो अवैध गांजा के साथ पकड़े गए युवक जय सिंह व फरार अभियुक्त मुकुंद सिंह के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जय सिंह को जेल भेज दिया। वही फरार अभियुक्त के साथ उसके साथियों के धरपकड़ के लिए पुलिस टीम तलाश में जुट गई है।

## आखिर लालगंज किसके यहां ले जा रहा था गांजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर जयसिहं लालगंज किसके यहां अवैध गांजा लेकर जा रहा था। पुलिस ने जारी किए गए प्रेस नोट में इसका कहीं भी जिक्र नही किया है। यदि पुलिस कटरा मेदनीगंज की तरह यहां भी छापेमारी करती तो कुछ और हाथ लग सकता था। लेकिन जय सिहं को यहां कौन मिलता यह न तो जयसिहं को पता और ना ही पुलिस को। यह तो मुकुन्द की गिरफ्तारी के बाद ही मामला साफ होगा।

## खबर संक्षेप

### तमंचे की बट से प्रहार कर किराना व्यापारी से दिनदहाड़े लूट

**कौशाम्बी।** तमंचे की बट से घायल कर दिन दहाड़े किराना व्यापारी पिता पुत्र से बदमाशो ने लूट की है ग्रामीणों के आने पर फायर कर बदमाश भाग गए हैं। जिले में बदमाशो के हौसले बुलंद है,बदमाश दिन दहाड़े व्यापारियों से लूट करने से बाज नहीं आ रहे है,शिकायत के बावजूद पुलिस के कार्यवाई नही किए जाने से लोगो में आक्रोश व्याप्त है।ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के सुहेला मोड़ के पास का है जहा रामबाबू केसरवानी ने किराना की दुकान खोल रखी है,रामबाबू ने पुलिस को लिखित शिकायत कर बताया की मंगलवार को सुबह जितेंद्र पासी और सूरज अपने दो अज्ञात लोगों के साथ बाइक से आए और उसको और उसके बेटे को तमंचा सटाकर गल्ले में रखा हुआ सात हजार रुपए और जेब में रखा हुआ 900 रुपए लूट लिए और दोनो लोगो को तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया।वही शोर मचाने पर लोगो को आता देखा तो बदमाश फायर करतें हुए फरार हो गए। घटना की लिखित शिकायत किए जाने के बाद भी कार्यवाई नही किए जाने से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।




उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

# सीडीओ ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

## विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गयी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं बैंकर्स से कहा कि आगामी बैठक में समय से एवं पूर्ण तैयारी के साथ आना सुनिश्चित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी बैठक में जिला विकास अधिकारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह के बैंक खाता खोले जाने हेतु विभिन्न बैकों में आवेदन लम्बित है तथा कुल 172 आवेदन सीसीएल के भी लम्बित है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स से कहा कि 30 जून तक सभी लम्बित खाते एवं लम्बित सीसीएल को निस्तारित कर दिया जाय तथा इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कोई भी आवेदन लम्बित न रहने पायें, अन्यथा कार्यवाही की जायेंगी मुख्य विकास अधिकारी ने ऋण जमानुपात की समीक्षा के दौरान विभिन्न बैकों में ऋण जमानुपात मानक से कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए आगामी बैठक तक प्रगति लाने के निर्देश दिये उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को किसान क्रेडिड कार्ड मत्स्य पालन किसान क्रेडिड कार्ड एवं पशु पालन किसान क्रेडिड कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिये उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम की समीक्षा के दौरान विभिन्न बैंकों में स्वीकृत ऋण आवेदनों को वितरित न किये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 31 लम्बित ऋण आवेदन ओडीओपी के 26 लम्बित ऋण आवेदन प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 16 लम्बित ऋण आवेदन एवं प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 56 लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये इसके साथ उन्होंने अन्य विभिन्न योजनाओं-बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को भी शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं एलडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा बैंकर्स उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल में 30 बेड की प्रथम संदर्भन इकाई के रूप में संचालित इकाई द्वारा स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा आम-जनमानस को सरकार द्वारा दी जा रही अनेक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गर्भवती महिलाओं की जॉच व औषधि वितरण, निःशुल्क सामान्य प्रसव एवं निःशुल्क सिजेरियन प्रसव जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क नवजात शिशु की जॉच, निःशुल्क औषधि वितरण, निःशुल्क भोजन, निःशुल्क परिवहन व्यवस्था, निःशुल्क धात्री माताओं की जॉच व औषधि वितरण का कार्य परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क कापर्टी, अन्तरा, छाया गोलियों का वितरण, महिला एवं पुरूष की निःशुल्क नसबन्दी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का निःशुल्क टीकाकरण कोविड-19 का निःशुल्क टीकाकरण के अन्तर्गत किशोरों तथा बुजुर्गों का टीकाकरण का कार्य नवजात बच्चों की खास देखभाल हेतु एनबीएसयू की सुविधा डिजीटल एक्सरे की सुविधा खून की आपूर्ति हेतु बीएसयू (ब्लड स्टोरेज यूनिट) की सुविधा पैथोलॉजी लैब में विशेष जाँचों की सुविधा बायो-कन्टेण्ट टेली मेडिसिन हेतु अपोलो हास्पिटल चेन्नई के विशेषज्ञों द्वारा कन्सलटेशन की सुविधा एचआईवी काउन्सलिंग की सुविधा क्षय रोग के उपचार हेतु टीबी यूनिट की सुविधा कोविड-19 के प्रबन्धन हेतु की सुविधा के साथ-साथ इस स्वास्थ्य इकाई पर जनरल सर्जन के द्वारा अनेक प्रकार की सर्जरी (हार्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन, स्पिलिट ईयर रिपेयर, सिस्ट एवं नेल रिमूवल) की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। इन सभी कार्यक्रम सुविधाओं के संचालन हेतु इकाई पर 01 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 01 जनरल सर्जन के साथ 02 चिकित्साधिकारी अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं, जिनके द्वारा इस वर्ष 14 सिजेरिन प्रसव, 05 हार्निया, 05 हाइड्रोसील, 01 सरकम सीजन, 02 सिस्ट रिमूवल, 01 स्पिलिट ईयर रिपेयर तथा 01 नेल रिमूवल सर्जरी प्रमुख रूप से की गयी है।

# पीड़ितों को न्याय देने के बजाय अपराधियों को संरक्षण दे रहा है सीडब्ल्यूसी !

अखंड भारत संदेश

**आधी रात को कोठरी में बंद कर 11 वर्ष की बच्ची के साथ 30 वर्ष के युवक द्वारा रेप किए जाने के प्रयास का मामला**

**कौशाम्बी।** महिलाओं बच्चियों पर हो रहे जुल्म ज्यादती को रोकने के लिए सरकार ने तमाम व्यवस्थाएं बना रक्खी हैं लेकिन उसके बाद भी महिलाओं बच्चियों पर अपराध करने वालों पर कठोर कार्यवाही नहीं हो पाती है महिलाओं बच्चियों पर अपराध करने वाले लोग आसानी से छूट जाते हैं जिससे उनके हौसले नहीं टूट रहे हैं अपराध में लिप्त लोगों को संरक्षण देने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है लेकिन योगी सरकार की व्यवस्था में दर-दर पर छेद है जिसका लाभ आए दिन अपराधी उठाते हैं और अदालत से जमानत भी पा जाते हैं और सजा से भी बच जाते हैं अपराधियों को संरक्षण देने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक इस तरह के लोगों को चिन्हित करने में पूरी तरह से कोताही बरती गई है जिससे योगी सरकार की व्यवस्था में छेद करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं जो बड़ी चिंता का विषय है बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों में आए दिन सीडब्ल्यूसी के लोगों द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है जिसका लाभ अपराधी उठा रहे हैं और पुलिस की कार्यवाही पर भी पानी फेर रहे हैं ताजा मामला पिपरी थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 152 सन 2022 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 धारा 9 और 10 वा अन्य से जुड़ा हुआ है मामले में सीडब्ल्यूसी की घोर लापरवाही उजागर हुई है जिससे गंभीर अपराध के अभियुक्त को जमानत में लाभ मिल गया

घटनाक्रम में गौर करें तो 20 मई को 11 वर्षीय बच्ची को रात साढ़े दस बजे कोठरी में बन्द कर के रेप करने का प्रयास किया गया था लेकिन बच्ची के हो हल्ला मचाने से परिजनों समेत आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और जोर जबरजस्ती कर बंद दरवाजे को खुलवा कर बच्ची को भयभीत हालात में बाहर निकाला बच्ची के बयान में स्पष्ट था कि बालू के काले कारोबार में लगे 30 वर्ष का एक युवक बच्ची के साथ अश्लीलता छेड़खानी करने लगा था जिस पर बच्ची ने हल्ला मचाया है इस मामले में बड़ी दबाव के बाद 23 मई को रात्रि 10:30 बजे के बाद थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया मामले में पुलिस के नाम पर एक चर्चित बालू माफिया ने आरोपी से डेढ़ लाख रुपए वसूल लिया है आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया आरोपियों के द्वारा अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर अदालत में मुकदमा वादी और सीडब्ल्यूसी को सूचना देकर जमानत के दिन अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया लेकिन सीडब्ल्यूसी की ओर से पीड़ित बच्ची का पक्ष रखने के लिए कोई भी अदालत में हाजिर नहीं हुआ बल्कि वादी को अदालत में पहुंचने से सीडब्ल्यूसी के जिम्मेदारों ने बाहर रोक दिया जिसका लाभ अभियुक्त ने उठाया और अदालत में आरोपी को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दे दिया चचाओं पर जाएं तो अभियुक्तों को लाभ देने के मकसद से सीडब्ल्यूसी के जिम्मेदारों ने लाखों की रकम आरोपियों से वसूली है इस संबंध में जब सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि व्यवस्था में खामियां हैं और सुधार किए जाने की जरूरत है इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी से भी बात करने का प्रयास किया गया लेकिन जिले में मौजूद न होने से सार्थक बात नहीं हो सकी जमानत प्रार्थना पत्र में अदालत के निर्देश के बाद उपस्थित न होने वाले सीडब्ल्यूसी के जिम्मेदारों के कारनामों पर अभी तक दोषी को दंड दिए जाने का प्रयास नहीं हो सका है जो बड़ी चिंता का विषय है यदि सी डब्लू सी के कारनामों के शासन ने संज्ञान लिया तो जिम्मेदारों की मुसीबत बढ़ना तय है।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते सात अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा सात अभियुक्तो सियाराम पुत्र धून्धू लोध कल्लू पुत्र रामधनी लोध दशरथ लाल पुत्र रामशरण लोध भुन्दल पुत्र रामशरण लोध निवासीगण ग्राम उरई अशरफपुर थाना कौशाम्बी गोलू कुशवाहा पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम बारा ब्लाक थाना कौशाम्बी महेश यादव पुत्र रामबली निवासी मढ़ी थाना कौशाम्बी सुनील गौतम पुत्र श्याम लाल निवासी लहरपार थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ हालपता बारा ब्लाक थाना कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व मालफड़ 1765 रूपय व जमा तलाशी के दौरान 350 रूपय बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

## न्यूज झरोखा

### अवैध तमंचा दो कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**पश्चिम शरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने अवैध तमंचा और दो कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश कर दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शस्त्र के विरुद्ध थाना पुलिस ने अभियान चलाया था इसी क्रम में थाना पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष भवानी सिंह के नेतृत्व में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक जनार्दन सिंह और कांस्टेबल विशाल कुमार द्वारा अभियुक्त पताली सरोज पुत्र छेदीलाल सरोज निवासी मिरदाहन का पुरवा अँधावा थाना महेवाघाट को मिरदाहन का पुरवा गांव के बाहर सड़क से एक आदत 12 बोर का तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया है।

### चोरी की बाइक व तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**पश्चिम सरीरा कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए जा रहे अवैध शस्त्र के विरुद्ध अभियान में पश्चिम शरीरा थाना उपनिरीक्षक रामबाबू और कांस्टेबल मनोज कुमार ने थाना क्षेत्र के पुनवार के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक और तमंचा कारतूस बरामद किया है पकड़ा गया आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से तमंचे के साथ सड़क पर निकला था लेकिन पुलिस को सूचना मिल गई और पुलिस ने आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है तलाशी के दौरान तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के पथरा कला गांव निवासी नथन लाल पुत्र दुर्गा प्रसाद एक बाइक लेकर पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में घूम रहे थे संदिग्ध अवस्था में युवक के दिखाई पड़ने पर पुलिस ने नथन को रोक कर जब उनसे बाइक का कागजात मांगा तो वह बाइक का कागजात नहीं दिखा सके जिस पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो मौके पर नथन लाल के पास एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में दो अलग-अलग मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामबाबू निषाद पुत्र वशी निषाद निवासी घोपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व शंकर लाल निषाद पुत्र वंशी निषाद निवासी घोपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व रामाशीष पुत्र राकेश निवासी घोपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### एएसपी ने किया कस्बे के भ्रमण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना करारी अंतर्गत करारी कस्बे में फुटमार्च के दौरान दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने और अपने अपने दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने के संबंध में वार्ता की साथ ही संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग की गई।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 23 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कड़ाधाम से 08 थाना कोखराज से 02 थाना पिपरी से 06 थाना कौशांबी से 03 थाना सैनी से 02 थाना मंझनपुर से 01 थाना पश्विम शरीरा से 01) कुल 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।



अधेड़ की लाश के साथ खड़े परिजन

## कुएं में गिरा अधेड़ इलाज के दौरान मौत

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** थाना कोखराज के चौकी टेडीमोड शहजादपुर के अंतर्गत ग्राम बरमतपुर मजरा अहिरारा निवासी अदालती प्रसाद उम्र 37 वर्ष पुत्र हरिलाल टिटिरिहा गांव रिश्तेदारी में गया था जहां वह अचानक कुंए में गिर गया जिससे वह गभीर घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने घायल को कुएं के बाहर से निकाला गम्भीर हालत में घायल को एक निजी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती किया गया लेकिन हालत अति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिए। ज्ञात हो कि उक्त मृतक थाना कोखराज के टिटहिरिया गांव में अपने साढू के पुत्र के बर्थडे में 7 जून 2022 को आया था शौंच के लिए गया था अंधेला होने के कारण वह कुएं में गिर गया था रिस्तेदारो को खबर मिलने पर मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दिए पुलिस वालो ने कुएं में गिरे व्यक्ति को बाहर निकाल कर इलाज हेतु अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# विकास भवन में चारों ओर फैली गंदगी !

## अब इससे ज्यादा चिंता का विषय क्या होगा कि बड़े जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी शौचालय मूत्रालय की सफाई के बजट पर भी अपनी गिद्ध दृष्टि लगा दिए हैं

अखंड भारत संदेश



विकास भवन में बिखरा पड़ा कूड़ा

**कौशांबी।** स्वच्छता अभियान की सफलता को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार बार-बार निर्देश दे रही है आए दिन बड़े बड़े अधिकारी स्वच्छता अभियान को लेकर मीटिंग करके बड़े-बड़े निर्देश दे रहे हैं लेकिन सरकार का यह निर्देश हवा हवाई साबित हो रहा है जब जिले के विकास भवन में गंदगी का आलम है तो गांव गांव गंदगी की क्या स्थिति होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है विकास भवन में दर्जनों विभाग के ऑफिस संचालित हो रहे हैं मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न बड़े अधिकारियों का कार्यालय भी इसी भवन से संचालित हो रहा है लेकिन उसके बाद भी विकास भवन की साफ सफाई में घोर लापरवाही बरती जा रही है बीते कई महीनों से विकास भवन के भीतर और उसके बाहर गंदगी को साफ कराने के प्रति जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है हालांकि विकास भवन की देखरेख की जिम्मेदारी जिला विकास अधिकारी की है लेकिन उनकी भी व्यवस्था पर कुछ कहने को बचा नहीं है जिसका नतीजा यह है कि विकास भवन गंदगी से जूझ रहा है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं कई कई दिन बीत जाने के बाद भी विकास भवन में साफ सफाई नहीं होती है बड़े अधिकारियों के कार्यालय और उस परिसर के आसपास केवल सफाई दिखाई पड़ती है दूसरी मंजिल में बने शौचालय और मूत्रालय में 100 मीटर दूर से दुर्गंध उठ रही है शौचालय मूत्रालय की सफाई के लिए आने वाले बजट पर जिला विकास अधिकारी डाका डालने में लगे हैं जिससे शौचालय मूत्रालय की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है अब इससे ज्यादा चिंता का विषय क्या होगा कि बड़े जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी शौचालय मूत्रालय की सफाई के बजट पर भी अपनी गिद्ध दृष्टि लगा दिए हैं किस हद तक बड़े अधिकारियों की मानसिकता में परिवर्तन हुआ है इस पर सरकार को मंथन किए जाने की जरूरत है।

# मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को गिरफ्तार करना भूल गई सराय अकिल पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पुलिस की निष्ठा एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद भी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नही कर सकी। थाना क्षेत्र के लोग नाखुश होकर पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़ा करने लगे हैं। सूत्रों की माने तो आरोपियों को गिरफ्तार ना करने के एवज में आरोपियों ने इच्छना गांव निवासी एक दलाल के माध्यम से सराय अकिल पुलिस तक मोटी रकम की गड्डी पहुंच चुकी है। सराय अकिल पुलिस के द्वारा अभय दान पाकर नामजद आरोपी भयमुक्त हो गए हैं और गांव में घूमते हुए दिखाई देते हैं। इसी थाना क्षेत्र के बरई गांव में एक सप्ताह पहले 1 जून की शाम पति राजेश, ससुर गैताल एवं सास

**भयमुक्त होकर खुलेआम घूम रहे विवाहिता की मौत के मामले में नामजद आरोपी**

सूरसती की प्रताड़ना से क्षुब्ध सरिता उम्र लगभग 26 वर्ष की लाश फांसी के फंदे पर टंगी हुई मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सराय अकिल पुलिस लाश को फांसी के फंदे से उतारवाकर लिखा - पढ़ी करने के बाद लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंतिम संस्कार के बाद मायके पक्ष से प्राप्त तहरीर के आधार पर सराय अकिल पुलिस ने सास ससुर एवं पति के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सराय अकिल पुलिस नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी जिसके चलते आरोपी भयमुक्त होकर गांव में खुलेआम घूमते हुए दिखाई देते हैं।

## चरवा सिपाही का वसूली से संबंधित ऑडियो फिर वायरल

**कौशाम्बी।** योगी सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त समाज स्थापित होने में सरकारी नुमाइंदे बाधा बन रहे हैं लंबे समय से भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसे सरकारी नुमाइंदे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त निर्देश को मानने को कतई तैयार नहीं है। पूरे दिन पुलिसकर्मी वसूली में लिप्त है। आला अधिकारी भ्रष्टाचार मुक्त अभियान का ढिंढोरा पीट रहे हैं वसूली में लिप्त सिपाहियों का कभी-कभी सबूत छूट जाता है जो जन चर्चा का विषय बन जाता है अब प्रत्येक वसूली के मामले में आम जनता के बीच सबूत मिलना कठिन होता है लेकिन हकीकत यही है कि वसूली में पुलिस विभाग के सिपाही बेखौफ तरीके से लिप्त है अधिकारियों को गुमराह कर संगठित अपराध के धंधे भी बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं चरवा थाना के एक सिपाही का वसूली से संबंधित बातचीत के लिए दूसरे पक्ष को बुलाने का ऑडियो वायरल हो रहा है इस ऑडियो में सिपाही साफ तौर पर कह रहा है कि फोन पर सभी बातें नहीं हो सकती लेकिन फिर भी यह ऑडियो सिपाही की वसूली की बात को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त माना जा रहा है मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से पुलिस महानिदेशक से भी हो चुकी है पुलिस अधीक्षक ने भी कहा है कि प्रकरण की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी एक सिपाही पर कार्यवाही कर देने मात्र से योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना नहीं हो रही है प्रत्येक वसूली में लगे लोगों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी और आम जनता से ऑडियो वीडियो मिलने के पहले विभागीय जिम्मेदारों को इन्हें अवैध वसूली में रंगे हाथ गिरफ्तार करना होगा लेकिन वसूली में लगे सरकारी नुमाइंदों को विभागीय लोग रंगे हाथ नहीं गिरफ्तार कर पा रहे हैं जिससे उनकी भी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है।

## योग दिवस पर भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी ने सम्राट उदयन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं सभी ईओ के साथ आगामी योग दिवस पर कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यालयों सीएचसी पीएचसी ग्रामों एवं विकास खण्डों में 14 जून से योग कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जाय उन्होंने सभी ईओ को प्रमुख चौराहों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को ब्लाकों में योग से सम्बन्धित फ्लैक्सी लगवाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि विकास भवन परिसर में भी 14 जून से योग कार्यक्रम किया जाय मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 21 जून को स्टेडियम में जनपद स्तर का एवं सभी विकास खण्डों में योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा उन्होने कार्यक्रम को सफल एवं भव्य रूप से आयोजित कराने के लिए अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व निर्धारित करते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय उन्होंने जनपदवासियों को भी कार्यक्रम के प्रति जागरूक कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये।

# यातायात की समस्या से जूझ रहे यात्री नहीं बढ़ाई गई रोडवेज बसें

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** योगी सरकार ने अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है जिस पर अवैध बसों का संचालन लुका छुपी हो रहा है लेकिन अवैध बस का खुलेआम संचालन नहीं हो रहा जिससे यात्रियों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बीते 15 दिनों से बसों की समस्या होने के बाद भी रोडवेज के अधिकारियों ने सड़कों पर सरकारी बसों की संख्या नहीं बढ़ाई है पूरे दिन सड़क पर वाहनों के इंतजार में यात्री खड़े दिखाई देते हैं चोरी-छिपे चलने वाले बस के चालक चौराहे से सवारी बुलाकर उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाते हैं पहले मंझनपुर चौराहा से इलाहाबाद के लिए प्रत्येक 20 मिनट में एक प्राइवेट बस का संचालन होता था और इसी तरह से रोडवेज बस का संचालन प्रत्येक 20 मिनट के अंतराल में एक निश्चित समय से किया जाए तो रोडवेज के व्यवसाय में तेजी से बढ़ोतरी होगी अभी तक रोडवेज बसों का संचालन एक निर्धारित टाइम से नही किया गया है आम जनता भी रोडवेज बस की संख्या बढ़ाए जाने की मांग कर रही है शायद रोडवेज बसों पर यात्रियों का भरोसा अधिक है बस की संख्या बढ़ाए जाने से जहां परिवहन विभाग की आमदनी में तेजी से इजाफा होगा वही आम जनता को यातायात में सहूलियत होगी रोडवेज का व्यवसाय भी तेजी से बढ़ेगा लेकिन रोडवेज के अधिकारी अभी तक बस संख्या बढ़ाने में गंभीर नहीं हुए हैं क्षेत्र के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रोडवेज बस की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की है।

# तीसरा विश्वयुद्ध संभावित, भारत सुप्रीम पावर बनकर उभरेगा

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**युद्ध** एक ऐसा कटु सत्य है जिसे नकारा नहीं जा सकता। जब से मानव जीवन का इतिहास अंकित किया गया है तो युद्धों का वर्णन भी साथ-साथ चलता रहा है। पुराणों में देव-असुर संग्राम के बहुत से वर्णन मिलते हैं तो त्रेता युग में भगवान राम व लंकापति रावण का युद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक माना जाता है। द्वापर युग में कौरवों-पांडवों के बीच महाभारत का भीषण युद्ध विश्व-विख्यात है। वर्तमान युग में भी दृष्टि डाली जाये तो सिंकदर - चंद्रगुप्त, सम्राट अशोक, पृथ्वीराज चौहान-गौरी, मुगल आक्रमण, महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा-बाबर, महाराणा प्रताप-अकबर, छत्रपति शिवाजी - औरंगजेब, संभाजी, मराठों आदि के सैंकड़ो उदाहरण मिलते हैं जो युद्धों के कारण ही इतिहास के पन्नों में अंकित है। वर्तमान पीढ़ी देश-धर्म पर न्यौछावर होने वाले इन महान योद्धाओं की बहादुरी, साहस के किस्से सुनकर ही प्रेरणा प्राप्त करती हैं। महाभारत का युद्ध इन सबसे अलग इसलिए था क्योंकि उसमें तत्कालीन अनेक देश-विदेश के राजाओं ने भाग लिया था। इसी प्रकार 1914 में भी प्रथम विश्वयुद्ध में अनेक देश-विदेश की सेनाओं ने युद्ध में भाग लिया जो इस युद्ध का तब तक का सबसे बड़ा युद्ध माना गया तभी उसका नाम संस्करण हुआ प्रथम विश्व-युद्ध। यूरोप में होने वाला यह एक वैश्विक युद्ध था जो कि 28 जून 1914 को आस्ट्रिया के उत्तराधिकारी आर्चड्यूक की सर्बिया द्वारा हत्या कर देने के कारण प्रारंभ हुआ। आज के शक्तिशाली देश अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान आदि सर्बिया के पक्ष में तथा जर्मनी, हंगरी, बुल्गारिया, उस्मानिया आदि आस्ट्रिया के पक्ष में तैनात हो गए। इसे "सभी युद्धों को समाप्त करने वाला युद्ध" के रूप में जाना जाता था। यह इतिहास में सबसे घातक संघर्षों में से एक था, जिसमें अनुमानित 9 करोड़ लड़ाकों की मौत और युद्ध के प्रत्यक्ष परिणाम के स्वरूप में 1.3 करोड़ नागरिकों की मृत्यु हुई थी। 1917 तक जर्मनी जीत रहा था किंतु अमेरिका के मित्र देशों के साथ आने पर जर्मनी पक्ष की दयनीय हार हुई। इस युद्ध में ब्रिटेन की ओर से कुल 8 लाख भारतीय सैनिक लड़े जिसमें कुल 47746 सैनिक मारे गये और 65000 घायल हुए। महात्मा गांधी ने भी इस युद्ध में भारतीय सैनिकों को भेजने के लिए विशेष अभियान चलाया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा इस युद्ध में ब्रिटेन का समर्थन किया गया। भारत के नेताओं को आशा थी कि युद्ध में ब्रिटेन के समर्थन से खुश होकर अंग्रेज भारत को इनाम के रूप में स्वतंत्रता दे देंगे या कम से कम स्वशासन का अधिकार देंगे किन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उलटे अंग्रेजों ने जलियाँवाला बाग नरसंहार जैसे घिनौने कृत्य से भारत के मुँह पर तमाचा मारा। इसी प्रकार दूसरा विश्वयुद्ध का कारण बना वर्साय संधि की कठोर शर्तें, जिसे जर्मनी ने अपना अपमान समझा और 1933 में एडोल्फ हिटलर के रूप में फासीवादी तानाशाही सरकारें बनने पर हिटलर ने वर्साय संधि का उलंघन कर 1939 में चेकोस्लोवाकिया पर हमला करके उस पर कब्जा जमा लिया। जर्मन सेनाओं ने इसके बाद एक सितंबर 1939 को पोलैंड पर धावा बोला। पोलैंड पर यह हमला देख ब्रिटेन और फ्रांस बौखलाए और वे उसकी मदद के लिए आगे बढ़े और युद्ध शुरू हो गया। द्वितीय विश्व युद्ध वर्ष 1939-45 के बीच होने वाला एक सशस्त्र विश्वव्यापी संघर्ष था। यह इतिहास का सबसे बड़ा संघर्ष था जो लगभग छह साल तक चला था। अनुमान है कि एक सितंबर 1939 से दो सितंबर 1945 तक चले इस युद्ध में न केवल 7 से 8.5 करोड़ लोग मारे गए बल्कि भूखमरी, तंगहाली और महंगाई भी बढ़ी। रूस, अमेरिका व ब्रिटेन के समक्ष जर्मनी को आत्मसमर्पण करना पड़ा। जर्मनी की इस पराजय को हिटलर बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने 30 अप्रैल 1945 को आत्महत्या कर ली। दूसरी तरफ अमेरिका ने 6 अगस्त और 9 अगस्त 1945 को जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिरा दिए। जिसमें लाखों लोग मारे गए। इससे 2 सितंबर 1945 को जापान ने सरेंडर कर दिया। इस तरह जापान पर परमाणु बम गिराने के साथ दूसरा विश्व युद्ध भी समाप्त हो गया। इन दोनों महायुद्धों की विभीषिका को विश्व भूल भी नहीं पाया था कि 24 फरवरी बृहस्पतिवार सुबह दुनिया जब तक नींद से जागी तब तक रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई करने का एलान करते हुए उस पर धावा बोल दिया। यूक्रेन के प्रमुख शहरों में धमाकों की आवाज सुनी गई, जिनमें कीव, खार्किव, और ओडेसा शामिल थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने देश भर में मार्शल लॉ की घोषणा की। बैलेस्टिक मिसाइलों के साथ रूस आधुनिक घातक हथियारों से यूक्रेन पर हमला कर रहा है। युक्रेन भी नाटो देशों की मदद से रूस को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। तीन महीने से भी अधिक जारी इस युद्ध में लाखों लोग अपनी जान गँवा बैठे हैं और शरणार्थी बनकर पड़ोसी देशों में शरण लिये हुये हैं। युक्रेन के राष्ट्रपति और देशभक्त सैनिक किसी भी तरह घुटने टेकने को तैयार नहीं है, उधर रूस की प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है तो यह युद्ध भी धीरे-धीरे विश्व-युद्ध की ओर ही जा रहा है। यह शंका तब ओर अधिक बढ़ जाती है, जब चीन अपने पड़ोसी देश ताइवान पर आक्रमण करने के लिए उतावला हुआ जा रहा है। अमेरिका ने भी खुले शब्दों में कह दिया है कि ताइवान पर हमले का मतलब होगा अमेरिका पर हमला। उधर चीन की गिद्ध दृष्टि अनेक एशियाई देशों के साथ ही आस्ट्रेलिया की संप्रभुता पर भी है पड़ रही है। जिसे आस्ट्रेलिया कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उत्तर कोरिया का दुर्दांत अत्याचारी शासक किम जोंग भी प्रतिदिन नये-नये आधुनिक मिसाइलों के परीक्षण से विश्व के नेताओं का ताप बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। ऐसे में संभावना है कि धीरे-धीरे यह शीतयुद्ध शीघ्र ही परमाणु युद्ध में बदल जायेगा। विश्वभर के बड़े देशों के नेताओं का यह प्रयास होना चाहिए कि किसी भी प्रकार हस्तक्षेप कर युद्ध को रोका जाये। किंतु यदि यह रोकना संभव नहीं हुआ तो चीन, रूस व उत्तर अमेरिका एक पक्ष में तथा अन्य देश दूसरे पक्ष में होंगे। जापान प्रथम विश्व युद्ध में मित्र देशों के साथ था दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी के साथ। इसी प्रकार रूस दोनों विश्व युद्धों में मित्र देशों के साथ था और अब इनके विरुद्ध। समयानुसार पाले बदलते रहते हैं। संभावित तीसरे विश्वयुद्ध में चीन एक मोर्चे पर ताइवान के साथ लड़ेगा तो दूसरे पर जापान व आस्ट्रेलिया के साथ। भारत को भी वह अपना शत्रु मानता है किंतु विश्व की दूसरी सबसे बड़ी सेना से युक्त भारत से टकराने की वह भूल नहीं करेगा। भारत भी बिना कारण युद्ध में भाग नहीं लेगा। तब तस्वीर यह होगी कि युक्रेन के कारण सभी नाटो देश सहित जापान, आस्ट्रेलिया अमेरिका के साथ और रूस व चीन एक साथ। यदि उत्तर कोरिया चीन के साथ आयेगा तो दक्षिण कोरिया अमेरिका के पक्ष में खड़ा होगा। रूस, चीन व उत्तर कोरिया के हथियारों की गणना करें तो पूरे विश्व पर यह भारी पड़ते हैं किंतु एक साथ इतने मोर्चे पर युद्ध लड़ना बहुत मुश्किल है। यदि युद्ध छिड़ जाता है और ऐसे में पाकिस्तान बेवकूफी कर भारत के साथ कोई हरकत करता है तो भारत उसका जबरदस्त जवाब देगा तथा युद्ध में व्यस्त कोई भी देश भारत के विरुध्द पाकिस्तान को बताने नहीं आयेगा। युद्ध से तटस्थ देशों का नेतृत्व निःसंदेह भारत ही करेगा और भारत ही इस भयंकर युद्ध को रुकवाने का कार्य करेगा। जब तक परमाणु शक्तिशाली देशों का अहम कम नहीं होता कोई भी युद्ध रोकने के लिए तैयार नहीं होगा। जान-माल का भारी नुकसान होने पर ही ये देश भारत के हस्तक्षेप को स्वीकार करेंगे। भारत की शक्ति बढ़ेगी, हो सकता है भारत अखंड देश के निर्माण की ओर बढ़े तब भारत विश्वगुरु की भूमिका में आयेगा और फिर सैकड़ों वर्षों तक विश्व में शांति रहने की संभावना है। महाभारत में कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए कहा भी है कि, "युद्ध को जहाँ तक टाला जाये भरसक प्रयास करना चाहिए किंतु यदि युद्ध अवश्यंभावी हो चुका है तो फिर शांति के लिए युद्ध करने हेतु भी सहर्ष तत्पर रहना चाहिए" हमारी मान्यता है कि भारत का स्वर्णिम काल अवश्य आयेगा। तीसरे विश्वयुद्ध के बाद ही आने वाला है तो उसे कौन टाल सकता है। वहीं देश सर्वशक्तिशाली होना चाहिए जो "जीयो और जीने दो कि परिकल्पना को मानता हो"



## संपादकीय

# मुस्लिम राष्ट्रों की नाराजी

**पैगंबर** मुहम्मद और इस्लाम के बारे में भाजपा के कुछ पदाधिकारियों की अप्रिय टिप्पणियों को लेकर भारत के अंदर और इस्लामी देशों में कोहराम मचा हुआ है। भाजपा ने अपने प्रवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर दी है लेकिन उससे न तो हमारे कुछ मुस्लिम संगठन संतुष्ट हैं और न ही कई इस्लामी राष्ट्र। उनकी टिप्पणियों से कुछ लोग इतने भड़के हुए हैं कि उन्हें वे मौत के घाट उतारना चाहते हैं। लेकिन क्या भड़के हुए लोगों और इस्लामी राष्ट्रों ने यह जानने की भी कोशिश की है कि वे टिप्पणियां क्या थीं और वे कब, कैसे और कहां, कही गई थीं? शायद नहीं। यदि उन्हें तथ्यों का पता होता तो शायद उनका गुस्सा काफी कम हो जाता। वह टिप्पणी तब की गई थी, जब किसी टीवी चैनल पर ज्ञानव्यापी मस्जिद के बारे में अनाप-शनाप बहस चल रही थी। आजकल हमारे चैनलों पर हर बहस में पार्टी प्रवक्ताओं को बैठा दिया जाता है। वे मूल विषय पर तर्क-वितर्क करने की बजाय एक-दूसरे पर बेलगाम प्रहार करते हैं। उनके मुंह में जो भी आ जाता है, उसे वे बेझिझक उगल देते हैं। एक वक्ता ने शिवलिंग की मजाक उड़ाया तो दूसरे वक्ता ने पैगंबर मुहम्मद के बारे में ऐसी टिप्पणी कर दी, जो निराधार थी। इस तरह के वाकया रोज ही होते हैं। इसीलिए ज्यादातर समझदार दर्शक टीवी पर चलनेवाली बहसों को देखने में अपना वक्त खराब नहीं करते। मेरी कोशिश यही होती है कि उन बहसों में जाना ही नहीं, जिनमें पार्टी प्रवक्ताओं को बैठा दिया जाता है। ऐसी बहस पर भारत के मुसलमानों और इस्लामी देशों का नाराज होना स्वाभाविक है लेकिन भारत और दुनिया के सभी हिंदू शिवलिंग की मजाक पर भी इसी तरह नाराज हो सकते हैं। लेकिन मेरी राय में इस तरह की नाराजी का अर्थ क्या यह नहीं है कि आप कुछ गैर-जिम्मेदार लोगों को जरूरत से ज्यादा महत्व दे रहे हैं? जहां तक मुस्लिम राष्ट्रों के खफा होने का सवाल है, सबसे पहले उन्हें खुद से सवाल करना चाहिए कि वे अपने देशों के अन्य धर्मों के साथ कैसा बर्ताव करते हैं? उनके देशों में रहनेवाले ईसाइयों, यहूदियों, हिंदुओं, शियाओं, बहाइयों और अहमदियों के साथ उनका बर्ताव कैसा है? उनके महापुरुषों-मूसा, ईसा, बुद्ध, महावीर, शिव, कृष्ण, महर्षि दयानंद के बारे में वे क्या सोचते हैं? असलियत तो यह है कि ऐसे धार्मिक लोग सच्चे अर्थों में धार्मिक होने के बजाय राजनीतिक ज्यादा होते हैं। वे भगवान के भक्त कम, सत्ता के भक्त ज्यादा होते हैं। इसीलिए वे अन्य धर्मों पर आक्रमण करते हैं। वे अपने महापुरुषों की सीख का भी उल्लंघन करते हैं। कुरान शरीफ में साफ लिखा है- मजहब के मामले में जोर-जबरदस्ती ठीक नहीं (2/256)। क्या गिरजाघरों और मंदिरों को गिरानेवाले आक्रांत सच्चे मुसलमान थे? पैगंबर मुहम्मद कितने उदार थे, यह तो इसी से पता चल जाता है कि उन पर रोज कूड़ा फेंकनेवाली एक यहूदी बुढ़िया जब बीमार पड़ गई तो वे चिंतित हुए और उनका हाल पूछने उसके घर में गए और उसकी तीमारदारी करी। जिन तालिबान ने बामियान में बुद्ध की मूर्तियां तोड़ीं, क्या वे मुहम्मद के सच्चे अनुयायी सिद्ध हुए? कितने इस्लामी राष्ट्रों ने उनकी भर्त्सना की? जिस ब्राह्मण रसोइए ने महर्षि दयानंद को जहर देकर मार डाला, क्या वह सच्चा हिंदू था? ऐसे लोग धार्मिक नहीं, धर्मांध होते हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि कोई अकेला इंसान तो धर्मांध हो सकता है लेकिन विभिन्न देशों की सरकारें धर्मांधता के कुएं में क्यों गिर पड़ती हैं?

# नेता वही जो बिक जाए!

रामविलास जांगिड़

बिकने का मजा ही कुछ और है। वैसे भी शास्त्रों में कहा गया है 1 दिन बिक जाएगा माटी के मोल! जब आखिर में माटी के मोल ही बिकना है तो किसी पार्टी में किसी कुर्सी के लिए बिग जाना तो ज्यादा ही फायदे का सौदा है। नेताजी के बिकने–बिकाने का वह ढंग जिसमें माल उस पार्टी को दिया जाता है, जो सबसे अधिक दाम बोलती है। इसे कुर्सी की नीलामी कहते हैं। जब किसी नेता खिलाड़ी या वस्तु की खुली बिक्री होती है अर्थात खरीदने वाला कोई भी दल अपनी इच्छा से क्रय मूल्य प्रस्तावित कर सकता है, तो इसे नीलामी कहा जाता है। नीलामी में बिका हुआ माल कहलाता है। खरीददार फिर ऐसे माल को अपने मनचाहे ढंग–भंग–रंग–संग से रखता है। इधर नेता, क्रिकेटर, खबर, आंदोलन, कवि, साहित्यकार, लेखक आदि नीलामी के लिए बिकाऊ है। क्रिकेटर वही जो बिक जाए। मंडी सजी है जोरदार! नेता वही जो थूके–चाटे बिक जाए जाए। खबर वही जो ट्विटर दिखाए। खबरों की मंडी भी है तैयार! चमचा वही जो दलाल मिलाए। कट मनी की मंडी है शानदार! हर दिशा में गच–मच मची है। हर एक पार्टी से हर एक नेता तक बिकने को तैयार है। हर नेता ने अपनी बोली लगवा दी है। इंडियन पॉलीटिकल लीग के खिलाड़ी बिकने के लिए तैयार है। हाय हम न बिके आईपीएल में! अरे हमें कोई तो खरीदो! ये आस्ट्रेलियन बिक गए, ब्रितानी बिक गए! मिट्टी के मोल ही खरीदो, लेकिन खरीद तो लो! सत्ता की मंडी में दलबदलू नेता जी गुहार लगा रहे हैं! उन्हें कोई खरीदने वाला नहीं है। वे थूककर–चाटने को भी तैयार है। वे फ्री फंड में खेलने को तैयार है। क्रिकेट के घोड़े गधे खच्चर सब बिक चुके हैं। अब चुनावों की बेला में नेता, चमचे, दलाल सब बिकने के लिए तत्पर हैं, तैयार खड़े हैं। हर दिशा में अपने–अपने ढंग की नेता मंडी सज चुकी है। बिकने की घंटी बज चुकी है। अपने–अपने ट्विटर और अपनी–अपनी खबरें! खबरें सज कर इठला रही है। इस फोन से उस फोन फेंकी जा रही है। फेकबुक से लेकर व्हाट्सगप्प तक। खबरों का मल्टी–कलर्ड मार्केट सजा हुआ है। खबरों की मंडी सजी है। मनचाही खबरें बिकने के लिए लालायित है। खबर ले लो खबर! एकदम गरमा–गरम खबर! एकदम ताजा खबर! हर तरफ मंडी सजी है। चमचा, दलाल को साथ लेकर नेता को बेचने के लिए तैयार है। एकदम ताजा नेता से लेकर पुराना माल स्टॉक में पड़ा है। नीलामी लग रही है। यह नेता मैंने खरीद लिया। यह अभी बिकने के लिए टोपी पहन चुका है। नेता मंडी चमचमा रही है। चमचे–दलाल अपने टोकरे में नेता सजाए बैठे हैं। दलाल थड़ी पे खड़े हैं। चमचे सड़कों पे पड़े हैं। दोनों ही अपनी–अपनी टोकरियां सजाए बैठे हैं। वही बिकाऊ नेता! दलाल मंत्री दोऊ खड़े, काके लागू पाय। बलिहारी चमचे आपकी, नेता दियो बताए। नेता खरीदो, क्रिकेटर खरीदो! टीवी खरीदो, बीवी खरीदो! अब कहीं कोरोना नहीं है। बस एक बार खरीद लो! पूरी भीड़ ही खरीद लो! पूरा आंदोलन ही खरीद लो! यह धर्म वाला आंदोलन तो पूरा ही खरीद लो! हर तरह की मंडी सजी है। मंडी में व्यापारी नीलाम कर रहे हैं। घरवाले खुशियां मना रहे हैं। अरे ! तुम बिक गए! बहुत अच्छा रहा! हे खबर देवी! तुम बिक गई। बहुत अच्छा किया। तुम तो दो कौड़ी की खबर थी! तुम्हें इतना भाव कैसे मिल गया? इंडियन पॉलिटिकल लीग में सरकारें उठाने, गिराने, लिटाने, बैठाने, सड़ाने, फड़फड़ाने आदि तरह–तरह के आने के लिए माल बिकने–बिकाने की मंडी सजी है। नेता चमचा दलाल! कर रहे हैं अपनी–अपनी कट मनी का कमाल। बिकने का मचा है धमाल!

# जब रक्षक बन जाये भक्षक, फिर बेटी कौन बचाये

निर्मल रानी

हमारे देश में जहां कन्याओं व महिलाओं के कल्याण व उनके संरक्षण,सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजनाओं के दावे किये जाते हैं। जहां हमारा समाज कन्याओं की देवी स्वरूप पूजा करता और नवरात्रों में कंजक बिठाता है। जहां धार्मिक प्रवचनों व सत्संगों में पुरुषों से अधिक महिलायें बढ़चढ़कर हिस्सा लेती हों और तालियां बजा बजाकर व नृत्य कर अपनी धार्मिक श्रद्धा व भक्ति का प्रदर्शन करते न थकती हों, जहाँ लड़कियों की पूजा कर उनके पैर भी धोये जाते हों,उन्हीं कन्याओं व महिलाओं के साथ आखिर कौन सा जुल्म नहीं होता ? बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, बलात्कार के बाद हत्या,लड़कियों के चेहरे पर तेजाब डालकर उनके चेहरे को बदसूरत बनाने जैसा जघन्य अपराध,शादी करने का झांसा देकर अपनी वासना की हवस पूरी कर किसी लड़की को धोखा देना, दहेज की मांग,और मांग न पूरी होने पर हत्या कर देना या पत्नी को छोड़ देना अथवा मनमुटाव रखना या इसी बहाने मार पीट करते रहना आदि जैसे अनेक जुल्म इसी 'देवी रुपी' कन्याओं के साथ आये दिन होते रहते हैं। एक आंकलन के अनुसार भारत में 88 मिनट के अंतराल में बलात्कार की एक घटना होती है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या समाज व परिवार का कोई वर्ग या रिश्ता ऐसा भी है जहां कन्या को व उसकी इज्जत आबरू को पूरी तरह सुरक्षित समझा जाये ? क्या पिता के पास उसकी अपनी पुत्री सुरक्षित है? क्या भाई के पास उसकी बहन सुरक्षित है ? क्या गुरु के पास उसकी शिष्या, किसी संत,पुजारी या मौलवी के पास श्रद्धा भाव लेकर सत्कारवश जाने वाली किसी बच्ची की इज्जत सुरक्षित है ? किसी अधिकारी के मातहत काम करने वाली महिला, किसी नेता के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंची कोई लड़की अपना दुखड़ा लेकर इंसाफ मांगने के लिये थाने पहुंची कोई लड़की,आखिर कौन सी ऐसी जगह है जहाँ हम और आप दावे से यह कह सकें कि अमुक वर्ग या अमुक रिश्ते के अंतर्गत बेटियां और उनकी इस्मत व आबरू पूरी तरह सुरक्षित है।लड़कियों के प्रति असुरक्षा की इस तरह की भावना कोई कोरी कल्पना पर नहीं बल्कि भारत के किसी न किसी कोने से प्राप्त होने वाली अविश्वसनीय किन्तु सत्य व दिल दहलाने वाली खबरों पर आधारित हैं। उदारहरण के तौर पर पिछले दिनों इंदौर शहर के खजलाना थाना क्षेत्र से एक ऐसी खबर आई जिसे सुनकर किसी भी मानव हृदय रखने वाले व्यक्ति की रूह काँप उठे। खबरों के अनुसार एक दुराचारी व्यक्ति जोकि किसी खाड़ी देश में एक पेट्रोकेमिकल कंपनी में कार्यरत है वह अपनी ग्यारह वर्षीय सगी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आदी हो गया था। उसने अपनी बेटी की आयु 15 वर्ष होने तक यह कुकर्म जारी रखा। हद तो यह कि उसने इन चार वर्षों में कई बार अपनी बेटी से अप्राकृतिक दुष्कर्म भी किया। वह केवल अपनी बेटी से दुष्कर्म करने की खातिर ही वर्ष में दो बार अरब देश से इंदौर आता और जब मौका मिलता वह उसके साथ कुकर्म करता। वह बेटी को यह बात किसी से भी न बताने को कहता और बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देता। पिछले दिनों एक दिन जब उसके शरीर में पीड़ा हुई तो उसने अपनी मां से इन बातों का जिक्र किया। पहले तो उसकी मां को यकीन ही नहीं हुआ। परन्तु लड़की के बहुत यकीन दिलाने पर वह मान गयी। और बेटी के साथ उसने पुलिस में जाकर एफ आई आर कर दी। जब वासना का भेड़िया उसका हब्शी बाप पिछले दिनों पुनः अपनी बेटी को अपनी हवस का शिकार बनाने भारत आया तो इंदौर पुलिस ने उसे गिरफ़्तार कर लिया।

इसी तरह भाई,चाचा, मामा,ससुर, जेठ, देवर, जीजा जैसे पवित्र रिश्तों को कलंकित करने वाले अनेक समाचार प्राप्त होते रहते हैं। इसी तरह एक सामूहिक बलात्कार पीड़िता जब आप बीती लेकर थाने पहुंची तो मौका पाकर थानेदार ने भी उसके साथ बलात्कार कर दिया। इससे बड़ा राक्षसीय व अमानवीय कृत्य और क्या होगा ? गुरु शिष्या या अध्यापक व छात्रा का रिश्ता भी किसी पिता या अभिभावक के कम नहीं। परन्तु यह रिश्ता भी हमारे देश में तार तार हो चुका है। इसके उदाहरण गिनने की तो जरुरत ही नहीं क्योंकि कई 'कुप्रसिद्ध गुरु घंटाल ' आज भी अपने ऐसे ही दुषकर्मों की सजाएं जेल की सलाखों के पीछे रहकर काट रहे हैं। मंदिर–मस्जिद–मदरसा आदि कितने पवित्र स्थलों में गिने जाते हैं। परन्तु आये दिन यह खबर आती है कि कभी किसी महंत ने किसी बाबा या पुजारी ने अथवा किसी मौलवी या हाफिज ने किसी बच्ची या महिला के साथ अपना मुंह काला किया।

उदाहरण स्वरूप पिछले दिनों एक ताजातरीन हृदय विदारक घटना राजस्थान के अलवर जिले के मालाखेड़ा क्षेत्र में घटी।यहां एक 60 वर्षीय पुजारी एक पांच वर्ष की मासूम बच्ची को बहला फुसला कर मंदिर में ले गया और वहीं उसके साथ जोर जबरदस्ती कर दुष्कर्म करने लगा। जब लड़की असहनीय पीड़ा से जोर जोर चीखी चिल्लाई तब उसकी आवाज सुनकर पड़ोस से लोग इकठ्ठा हुये और पुजारी को रंगे हाथों पकड़ा। उसकी आम लोगों ने खूब पिटाई की। बताया जाता है कि अलवर की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम स्वयं घटना स्थल पर पहुंचीं और पुजारी पर एफ आई आर से लेकर मेडिकल जांच आदि तक की कार्रवाई स्वयं अपनी देखरेख में कराई। इसी प्रकार कुछ समय पूर्व एक समाचार उत्तर प्रदेश से आया था जिसके अनुसार कोई मौलवी तलाक के बाद हलाला व्यवस्था के नाम पर तलाक शुदा महिलाओं से ऐय्याशी का धंधा चलाता था। हमारे ही देश में सत्ता के लोग विधान सभा में बैठकर ब्लू फिल्म देखते पकड़े गये। उत्तर प्रदेश का ही एक बाहुबली विधायक तो बलात्कार व कत्ल के इलजाम में अभी भी जेल में है।

गोया हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि चाहे जिस पद,गद्दी अथवा धार्मिक या संवैधानिक मरतबे पर बैठा व्यक्ति क्यों न हो,रिश्ता भी चाहे जितना पवित्र क्यों न हो,परन्तु कभी भी उसके भीतर बैठा वासना का राक्षस उसे किसी भी पद अथवा रिश्ते को तार तार करने के लिये मजबूर कर सकता है। ऐसे में समाज के सामने आज का सुलगता सवाल यही है कि आखिर जब रक्षक ही बन जाये भक्षक,फिर बेटी कौन बचाये ?

# साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा-मोक्ष की मुस्कान देने वाली नयी रोशनी

ललित गर्ग

**महिलाओं** ने इन वर्षों में अध्यात्म के क्षेत्र में एक छलांग लगाई है और जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी हैं। ऐसी ही अध्यात्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति का, चैतन्य रश्मि का, एक आध्यात्मिक गुरु का, एक ऊर्जा का नाम है– साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी। जैन धर्म के प्रमुख तेरापंथ सम्प्रदाय एवं उसके वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण ने वात्सल्यमूर्ति शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के देवलोकगमन से रिक्त हुए पद पर नयी साध्वीप्रमुखा को घोषित करने के लिये अपने 49वें दीक्षा दिवस को चुना। उन्होंने इसी उपलक्ष्य में साध्वीप्रमुखा मनोनयन दिवस घोषित कर मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभाजी को तेरापंथ धर्मसंघ की नवीं साध्वीप्रमुखा घोषित कर न केवल तेरापंथ समाज बल्कि सम्पूर्ण आध्यात्मिक जगत में एक ऐतिहासिक घटना का सृजन किया है। तेरापंथ समाज के इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना हुई जब साध्वीप्रमुखा के रूप में साध्वी विश्रुतविभा को 550–600 से अधिक साध्वियों एवं समणियों की सारणा–वारणा एवं महिला समाज के सम्यग विकास का यह बड़ा दायित्व दिया गया है। साध्वीप्रमुखा वही जो महिला समाज, साध्वी एवं समणी समुदाय को सही दिशा दे, नये आयामों को स्थापित करे और साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा में ये सारे गुण सहज ही विद्यमान हैं। वे त्याग, तपस्या, तितिक्षा, तेजस्विता, बौद्धिकता, प्रबंध–कौशल की प्रतीक हैं, प्रतिभा एवं पुरुषार्थ का पर्याय हैं।

इस सृष्टि रंगमंच की महिलाएं विधात्री ही नहीं, सुषमा भी हैं। धर्म के क्षेत्र में भी महिलाओं ने विशिष्ट योगदान दिया है और उसके लिए तेरापंथ में साध्वीप्रमुखाओं का योगदान अविस्मरणीय है। यह तेरापंथ संघ का सौभाग्य है कि साध्वीप्रमुखा के रूप में उसे एक ऐसी साध्वीवरा उपलब्ध हुई है, जिसका व्यक्तित्व न केवल वैदुष्य एवं अध्ययनशीलता जैसे आदर्श मानदंडों से परिपूर्ण है, अपितु जिनकी प्रकृति में श्रमशीलता, कर्तव्यनिष्ठा, सेवाभावना, गुरु के प्रति समर्पणभाव की उत्कटता एवं मेधा की विलक्षणता का मणिकांचन योग परिलक्षित होता है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ एवं आचार्य महाश्रमण–तीन–तीन आचार्यों की कड़ी कसौटियों पर उत्तीर्ण होकर आपने न केवल अनुभव प्रौढ़ता को अर्जित किया है अपितु अपनी कार्यशैली एवं समर्पणनिष्ठा द्वारा निष्पत्तिमूलक सफलताओं को भी अर्जित किया है।

साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा केवल पद की दृष्टि से ही सैकड़ों साध्वियों को लांघ कर आगे नहीं आयी है अपितु वे चतुमुर्खी विकास तथा सफलता के हर पायदान पर अग्रिम पंक्ति पर ही खड़ी दिखाई दी। इसका कारण उनका आचार्य भिक्षु द्वारा स्थापित सिद्धांतों और मान्यताओं पर दृढ़ आस्थाशील, समर्पित एवं संकल्पशील होना हैं। वे तेरापंथ धर्मसंघ की एक ऐसी असाधारण उपलब्धि हैं जहां तक पहुंचना हर किसी के लिए संभव नहीं है। वे सौम्यता, शुचिता, सहिष्णुता, सृजनशीलता, श्रद्धा, समर्पण, स्फुरणा और सकारात्मक सोच की एक मिशाल हैं। उन्होंने अनुद्विग्न रहते हुए अपने सम्यक नियोजित एवं सतत पुरुषार्थ द्वारा सफलता की महती मंजिलें तय की हैं। यह निश्चित है कि अपनी शक्ति का प्रस्फोट करने वाला, चेतना के पंखों से अनंत आकाश की यात्रा कर लेता है। सफलता के नए क्षितिजों का स्पर्श कर लेता है। साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी के जीवन को, व्यक्तित्व, कर्तृत्व और नेतृत्व को किसी भी कोण से, किसी भी क्षण देखें वह एक लाइट हाउस जैसा प्रतीत होता है। उससे निकलने वाली प्रखर रोशनी सघन तिमिर को चीर कर दूर–दूर तक पहुंच रही है और अनेकों को नई दृष्टि, नई दिशा प्रदान करती हुई ज्योतिर्मय भविष्य का निर्माण कर रही है। साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी का जन्म 27 नवम्बर 1957 को तेरापंथ की राजधानी लाडनूं शहर के प्रसिद्ध मोदी परिवार में हुआ। आपके संसारपक्षीय पिता का नाम श्री जंवरीमलजी एवं माता का नाम श्रीमती भंवरीदेवी था। आठ भाइयों एवं पांच बहनों से भरे–पूरे परिवार में पलकर भी आपके जीवन में चंचलता कम और गंभीरता का पुट ज्यादा रहा। तेरापंथ के नवम अधिशास्ता आचार्य श्री तुलसी ने सन् 1980 में समण श्रेणी का प्रवर्तन किया 19 दिसंबर 1980 के दिन प्रथम बार दीक्षित होने वाली छह मुमुक्षु बहनों में एक नाम मुमुक्षु सविता का था। आपका नया नामकरण हुआ– समणी स्मितप्रज्ञा। समण श्रेणी में प्रथम विदेश यात्रा का और उसके बाद भी अनेक बार अनेक देशों की यात्रा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन देशों में कुछ नाम इस प्रकार है– अमेरिका, जर्मनी, स्विटजरलैंड, इटली, इंग्लैंड, बैंकॉक, कनाडा, हालैंड, हांगकांग आदि। समण श्रेणी में 12 वर्षों तक आपने अध्ययन किया, साधना की, व्यवस्थाओं का संचालन किया, देश–विदेशों की यात्राएं की और जीवन के हर क्षण को आनंद के साथ जीने का प्रयास किया। 18 अक्टूबर 1992 के दिन आपने श्रेणी आरोहण किया। आचार्य श्री तुलसी के श्रीमुख से साध्वी दीक्षा स्वीकार की। कार्तिक कृष्णा सप्तमी के दिन इक्कीस भव्य आत्माओं ने साधुत्व को स्वीकार किया। आचार्य तुलसी ने समणी स्मितप्रज्ञा का नाम रखा–साध्वी विश्रुतविभा।

# रहने दो गांधी जी को ही नोटों में

आर.के. सिन्हा

**राजधानी** के संसद मार्ग पर बनी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) बिल्डिंग के बाहर लगी यक्ष और यक्षिणी की मूर्तियों के पास खड़े होकर बैंक के कुछ मुलाजिम बात कर रहे हैं कि अगर उनके बैंक ने कुछ करैंसी नोटों पर गांधी जी के जल चित्रों के अलावा किसी अन्य महापुरुष के चित्रों को भी जगह देनी शुरू कर दी तो क्या होगा? दरअसल रिजर्व बैंक के मुंबई, दिल्ली, कानपुर आदि के दफ्तरों में आजकल इस तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसकी वजह यह है कि रिजर्व बैंक में शीर्ष स्तर पर विचार हो रहा है कि कुछ नोटों पर कुछ अन्य महापुरुषों के जल चित्र भी शामिल कर लिए जाएँ। यानी गांधी जी के साथ कुछ करैंसी नोटो में कुछ अन्य महापुरुषों को भी जगह मिल जाए। अगर यह होता है तो फिर तमाम दूसरी हस्तियों के जल चित्र भी आरबीआई की तरफ से जारी होने वाले नोटों पर शामिल करने की मांग होने लगेगी। यह निश्चित है, इसलिए भारत के करैंसी नोटों पर बापू का ही जल चित्र बनें रहें तो सही होगा। यह बात समझ से परे है कि हमारे नोटों में गांधी जी को अपदस्थ करने की कोशिशें क्यों होने लगी है। इसकी जरूरतही क्या है? क्या इस तरह की किसी ने मांग की है? गांधी जी का वैसे ही अब लगभग पूरे देश में भरपूर अनादर होने लगा है। उनकी मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। उनके हत्यारे को हीरो मानने वाले भी पैदा हो गए हैं। वे सिर्फ आरबीआई की तरफ से जारी होने वाले नोटों में ही सुरक्षित थे। अब वहां से भी उन्हें बाहर किया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। हां, रिजर्व बैंक अब तो यह सफाई दे रहा है कि गांधी जी अपनी जगह पर रहेंगे। पर जन्नत की हकीकत कुछ और है। बेशक देश को उन लोगों के नाम बताये जायें, जो गांधी जी को नोट से भी बाहर करना चाह रहे हैं? यह किसकी शह और पहल पर हो रहा है? खबर है कि आईआईटी, दिल्ली के प्रो.दिलीप टी साहनी को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक बेहद अहम जिम्मेदारी सौंपी है कि वे यह देख कर बताएं कि भारत के विभिन्न करेंसी नोटों में महात्मा गांधी के साथ–साथ गुरुदेव रविन्द्रनाथ टेगौर तथा पूर्व राष्ट्रपति तथा मिसाइल मैन एपीजे अब्दुस कलाम के जल चित्रों (वाटर मार्क) का उपयोग करना कैसा रहेगा।

## नॉर्वे शतरंज - ममेद्यारोव को हराकर कार्लसन नें बनाई एकल बढ़त

**स्टावंगर, नॉर्वे।** नॉर्वे शतरंज के 10वे संस्करण में अब जबकि सिर्फ तीन राउंड बाकी है मौजूदा विश्व चैम्पियन मेजबान नॉर्वे के मेगनस कार्लसन प्रतियोगिता में अपनी तीसरी सीधी जीत दर्ज करते हुए एकल बढ़त पर पहुँच गए है जबकि कल तक आधा अंक आगे चल रहे भारत के 5 बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद अब दूसरे स्थान पर पहुँच गए है । छठे राउंड में कार्लसन नें अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव को सफ़ेद मोहरो से केटलन ओपनिंग में 56 चालों में मात दी और पूरे तीन अंक हासिल किए वहीं भारत के आनंद और



नीदरलैंड के अनीश गिरि के बीच क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही पर टाईब्रेक में आनंद अनीश से जीतकर 1.5 अंक हासिल करने में सफल रहे । कुछ ऐसे ही क्लासिकल ड्रॉ रहने के बाद यूएसए के वेसली सो नें नॉर्वे के आर्यन तारी को ,फ्रांस के मकसीम लागरेव नें चीन के हाउ वांग को और अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव नें बुल्गारिया के वेसेलीन टोपालोव को टाईब्रेक में हराकर 1.5 अंक बनाए । राउंड 6 के बाद कार्लसन 12.5 , आनंद 11.5 और वेसली सो 10 अंक बनाकर खेल रहे है ।

## विश्व कप को ध्यान में रखकर खिलाड़ियों को परखने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये अदद टीम तैयार करने के लिये भारत गुरुवार से मजबूत दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ यहां शुरू हो रही पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में नये और पुराने कई खिलाड़ियों को परखने की कोशिश करेगा। भारत ने अभी लगातार 12 मैच जीते हैं और वह लगातार 13वां टी20 जीतकर नया रिकॉर्ड बनाने का भी प्रयास करेगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मुख्य उद्देश्य हालांकि अक्टूबर में होने वाले विश्व कप के लिये टीम तैयार करना होगा। इसके लिये दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रतिद्वंद्वी नहीं हो सकता है जिसने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को विश्राम दिया गया है लेकिन कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल शानदार फॉर्म में हैं। उनके लिये हालांकि अपने सलामी जोड़ीदार के रूप में रुतुराज गायकवाड़ और इशान किशन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा। ये दोनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाये थे लेकिन उन्हें लय में लौटने का मौका देना जरूरी है।

श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की अनुपस्थिति में तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है लेकिन लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे दीपक हुड्डा को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है क्योंकि उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिये तीसरे नंबर पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। ऋषभ पंत और टीम में वापसी करने वाले दिनेश कार्तिक मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। पंत अपनी लय हासिल करने की कोशिश करेंगे जबकि यह देखना दिलचस्प होगा कि कार्तिक आईपीएल की अपनी फॉर्म को बरकरार रख पाते हैं या नहीं।

## कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण लगा झटका, अमरीकी ओपन बैडमिंटन रद्द

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि अमरीका में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के चलते 'आयोजन से जुड़ी जटिलताओं' के कारण अमरीकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया है। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का आयोजन इस साल चार से नौ अक्टूबर तक होना था। बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, 'अमरीका बैडमिंटन निष्कर्ष पर पहुंचा है



कि कोविड-19 के चलते आयोजन से जुड़ी जटिलताओं के कारण उनके लिए इस साल टूर्नामेंट की मेजबानी करना व्यावहारिक नहीं है।' इस घातक वायरस के कारण तीसरी बार इस टूर्नामेंट को रद्द किया गया है। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर मंगलवार को जकार्ता में इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 के साथ बहाल हुआ।

# अवनि लेखरा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

### स्वर्ण जीतकर पेरिस पैरालिंपिक में स्थान किया पक्का

**चेटौरौक्स।** टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन अवनि लेखरा ने फ्रांस के चेटौरौक्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SHv में स्वर्ण पदक जीता। अवनि ने 250.6 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण अपने नाम किया। 20 वर्षीय निशानेबाज ने 249.6 के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर 2024 पेरिस पैरालिंपिक में अपना स्थान पक्का किया।

पोलैंड की एमिलिया बाबस्का ने कुल 247.6 अंक के साथ रजत पदक जीता। वहीं, स्वीडन की अन्ना नॉर्मन ने 225.6 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अवनि टूर्नामेंट से तीन दिन पहले इसमें हिस्सा लेने से चूकने वाली थीं। उनके कोच और



एस्कॉर्ट को वीजा से वंचित कर दिया गया था। हालांकि, भारतीय खेल प्राधिकरण और खेल मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद इस मुद्दे को सुलझा लिया गया।

अवनि ने स्वर्ण जीतने के बाद ट्वीट किया, 'चेटौरौक्स 2022 में विश्व रिकॉर्ड स्कोर और भारत के पहले पेरिस 2024 कोटा के साथ Rw 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 इवेंट में स्वर्ण जीतने पर काफी खुश हूं। पैरालिंपिक के बाद यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद।' पिछले साल अगस्त में लेखरा ने टोक्यो पैरालिंपिक में SHv श्रेणी में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग इवेंट में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इससे वह पैरालिंपिक में एक से ज्यादा पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे की कमाई सरकार को दान करेगा श्रीलंका क्रिकेट

**कोलंबो ।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने फैसला किया है कि अपने देश को आर्थिक संकट से निकालने में मदद करने के लिए वह ऑस्ट्रेलिया दौरे की टिकट बिक्री से होने वाली आमदनी सरकार को दान देगा। एसएलसी के सचिव मोहन डि सिलवा ने यह जानकारी दी। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन राणासिंघे की अपील के बाद कार्यकारी समिति ने यह फैसला लिया। डि सिल्वा ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि यह दौरा हमारे देश के लिये न सिर्फ क्रिकेट



के मोर्चे पर, बल्कि इस दौरान होने वाले विदेशी मुद्रा राजस्व के कारण आर्थिक मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण है। एसएलसी ने निर्णय लिया है कि वह पूरी आमदनी को लोगों के हित के लिये दान करेगा।' 52 दिवसीय घरेलू दौरे पर आस्ट्रेलिया की मेजबानी करके श्रीलंका 25 लाख डॉलर कमाएगा। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच मंगलवार को यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# अदालत का दरवाजा खटखटाने वालीं दीया टेबल टेनिस टीम में, राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अर्चना कामथ की जगह लिया गया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल नहीं किए जाने पर दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वालीं युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी दीया चितले को जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों के लिए अर्चना कामथ की जगह टीम में शामिल किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने वाले मानुष शाह हालांकि रिजर्व खिलाड़ी बने हुए हैं। पुरुष टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिसका नेतृत्व शरत कमल करेंगे। निलंबित भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने पिछले सप्ताह अस्थायी महिला टीम घोषित की थी जिसमें मनिका बत्रा, कामथ, श्रीजा अकुला और रीथ ऋ षि के साथ 19 वर्षीय चितले को स्टैंडबाय रखा गया था। इस टीम को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की मंजूरी मिलनी बाकी थी लेकिन खेल मंत्रालय ने सीओए के पाले में गेंद डालते हुए सोमवार को स्पष्ट किया कि टीम चयन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघ की होती



है। इसके बाद सीओए सदस्य एस डी मुदगल की अध्यक्षता में चयनसमिति की बैठक हुई जिसमें टीम को अंतिम रूप दिया गया। कामथ को बाहर कर दिया गया जो मनिका के साथ युगल में खेल सकती थी जबकि स्वास्तिका घोष को स्टैंडबाय रखा गया। मुदगिल ने कहा, 'केवल एक बदलाव किया गया है। अर्चना के स्थान पर दीया को चौथी खिलाड़ी के रूप में लिया गया है। अर्चना मानदंडों को पूरा नहीं करती है, लेकिन हमने सोचा कि वह भी पदक जीत सकती हैं (क्योंकि वह मनिका के साथ दुनिया में चौथे नंबर पर है)। मुदगिल ने कहा- हालांकि, हम दुविधा में थे और इसलिए हम साइ के पास गए और उससे मार्गदर्शन मांगा। आखिर में चयनकर्ताओं ने दीया को शामिल करने का फैसला किया। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह मनिका के साथ युगल में खेलेंगी।'

**टीम इस प्रकार हैं**

**पुरुष :** शरत कमल, जी साथियान, हरमीत देसाई, सानिल शेट्टी, मानुष शाह (स्टैंडबाय)।

**महिला :** मनिका बत्रा, दीया चितले, रीथ ऋ ष्य, श्रीजा अकुला, स्वास्तिका घोष (स्टैंडबा


# कोहली इंस्टा पर 200 मिलियन फॉलोअर्स वाले पहले भारतीय बने, एक पोस्ट से कमाते हैं इतने करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह इंस्टाग्राम पर 200 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। पूर्व कप्तान सोशल मीडिया पर सबसे सक्रिय हस्तियों में से एक हैं और मैदान के बाहर यह उल्लेखनीय उपलब्धि दुनिया भर के लोगों के बीच उनके प्यार का संकेत देती है।

कोहली अब इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले क्रिकेटर बन गए हैं। अन्य एथलीटों में केवल क्रिस्टियानो रोनाल्डो (451 मिलियन) और लियोनेल मेसी (334 मिलियन) के भारतीय बल्लेबाज से अधिक फॉलोअर्स हैं।

**लोगों का किया धन्यवाद**

कोहली ने बुधवार को अपने प्रशंसकों को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने एक क्लिप साझा किया जिसमें उनके कई इंस्टाग्राम फोटोज को कोलाज का रूप दिया गया था और साथ में 200




मिलियन लिखा था। इसे शेयर करते हुए कोहली ने कैप्शन में लिखा, 200 मिलियन स्ट्रांग, आपके सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद।

**एक इंस्टा पोस्ट से कमाते हैं 5 करोड़**

कोहली अपनी एक इंस्टा पोस्ट (पेड) से 5 करोड़ रुपए कमाते हैं। साल 2021 की हूपरहक की एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली इंडियंस में टॉप पर थे। उनके बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलिब्रिटी फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं जो प्रत्येक इंस्टा पोस्ट से 11.9 करोड़ रुपए कमाते हैं।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से मिला आराम**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए कोहली को आराम दिया गया है। सीरीज गुरुवार से शुरू होगी और पहला मैच दिल्ली में खेला जाएगा। हाल ही में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में उनका प्रदर्शन खास नहीं था और लम्बे समय से वह खराब फार्म से भी गुजर रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2022 में 16 मैचों में केवल 22.73 के औसत से 341 रन बनाए। ऐसे में कई पूर्व क्रिकेटरों ने कोहली को आराम देने की सलाह दी थी ताकि वह जोरदार वापसी कर सकें।

## भारत के पूर्व चयनकर्ता ने कहाः कोहली, स्मिथ और विलियमसन से काफी आगे हैं जो रूट

**मुंबई ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर ने हाल ही में जो रूट की तारीफ करते हुए कहा था कि करिश्माई क्रिकेटर टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने के भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। अब भारत के पूर्व चयनकर्ता सबा करीम ने कहा है कि पूर्व इंग्लैंड कप्तान आधुनिक समय के क्रिकेटरों की 'फैब फोर' सूची में काफी ऊपर है जिसमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन शामिल हैं। अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी सौंपने वाले रूट ने शानदार नाबाद शतक बनाकर लॉर्ड्स में केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट से जीत हासिल की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। इंग्लैंड को मनोबल



बढ़ाने वाली जीत के लिए मार्गदर्शन करते हुए रूट 10,000 रन के आंकड़े को पार कर विश्व के 14वें और इंग्लैंड के दूसरे क्रिकेटर बने। रूट के नाम टेस्ट में कुल 10,015 रन हैं और वह तेंदुलकर से 5,906 पीछे हैं, जिन्होंने 200 टेस्ट के करियर में 15,921 रन बनाए।

एक मीडिया हाउस से बातचीत में सबा करीम ने कहा कि वह (रूट) बहुत आगे निकल गया है। अगर हम इंग्लैंड की बल्लेबाजी को देखें, तो बार-बार केवल जो रूट का नाम सामने आ रहा है। इसका मतलब है कि जो रूट को दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला है। अगर हम भारत के बारे में बात करते हैं तो विराट कोहली के साथ हमेशा समर्थन होता है। जैसे केएल राहुल, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत आदि।

## शतरंज ओलंपियाड में होगी ओलंपिक की तरह मशाल रिले, हमेशा भारत से होगी रिले की शुरुआत

**नई दिल्ली।** शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने घोषणा की कि जुलाई-अगस्त में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान ओलंपिक की तरह मशाल रिले शुरू की जाएगी जिसका आयोजन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के प्रत्येक सत्र से पहले होगा। इस तरह की मशाल रिले की शुरुआत हमेशा शतरंज के जन्मस्थल भारत से होगी और सभी महाद्वीपों की यात्रा के बाद यह मेजबान शहर पहुंचेगी। समय की कमी के कारण हालांकि इस बार मशाल रिले सिर्फ भारत में होगी और भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद भी इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों में से एक होंगे।

ओलंपियाड के प्रतियोगिता निदेशक भरत सिंह चौहान ने कहा कि सरकार, फिडे और अन्य हितधारकों के बीच सलाह-मशविरे के बाद मशाल रिले की तारीख और रास्ते की घोषणा की जाएगी। फिडे अध्यक्ष आरकेडी वोरकोविच ने कहा, 'इस पहल से शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने और दुनिया भर में प्रशंसकों



का समर्थन हासिल करने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'ओलंपियाड के अगले सत्र से, ओलंपिक खेलों की परंपरा की तरह, मशाल रिले सभी महाद्वीपों की यात्रा करेगी, अंततः इसका अंत मेजबान देश और शहर में शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन से पहले होगा।' भारत की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी कोनेरू हंपी ने ट्वीट किया, 'भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के लिए शानदार समय। गौरवपूर्ण लम्हा।'

भारत पहली बार शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी कर रहा है। शतरंज ओलंपियाड के आगामी सत्र का आयोजन महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक किया जाएगा। ओपन और महिला वर्ग में 187 देशों से रिकॉर्ड 343 टीम पहले ही टूर्नामेंट के लिए प्रविष्टि भेज चुकी हैं।

# हरियाणा की छोरियों का चला जादू, छोरों ने रजत पदक जीता, पदक तालिका में महाराष्ट्र शीर्ष पर

**पंचकुला।** पंचकूला के सेक्टर 3 के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा की छोरियां लगातार कमाल कर रही हैं। महाराष्ट्र और हरियाणा के बीच लड़कियों की कबड्डी के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं पुरुषों के कबड्डी मुकाबले में हरियाणा को रजत से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा वालीबॉल के फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु की टीम हरियाणा को पछाड़कर पहले नंबर काबिज हो गई है।

लड़कियों के कबड्डी मुकाबले की शुरुआत प्रसिद्ध गायक और रैपर रफ्तार के थीम सांग से हुआ। हरियाणा की खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही मैच को एक तरफा बनाए रखा और 48-29 के बड़े अंतर से महाराष्ट्र को मात दी। मैच के हाफ टाइम में हरियाणा का स्कोर 25 और महाराष्ट्र का 15 था। मैच की समाप्ति पर हरियाणा का स्कोर 48 और महाराष्ट्र 29 के स्कोर पर सिमट गया।

मैच के दौरान दर्शक 'हरियाणा की छोरियां धाकड़' के नारे लगाकर महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। हरियाणा की जीत पर एक तरफ जहां दर्शकों ने हरियाणा के मस्कट धाकड़ के साथ नाचकर अपनी खुशी जाहिर की वहीं दर्शकों ने भी हरियाणवी गानों पर खूब नृत्य किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के दौरान अब तक



हरियाणा के कुल 72 पदक हो चुके हैं। 24 गोल्ड के साथ महाराष्ट्र की झोली में कुल 66 पदक आए हैं। हरियाणा ने 23 गोल्ड मेडल ही झटके हैं। गोल्ड की संख्या कम होने की वजह से हरियाणा पदक तालिका में महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है।

**रोचक मुकाबले, दर्शकों की हूटिंग से गूंजा खेल परिसर**

लड़कों के कबड्डी का फाइनल मुकाबला हरियाणा और हिमाचल के बीच हुआ। इसमें हरियाणा की टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को बराबर की टक्कर दी और मैच को टाई करवाने में सफल रहे। इसके बाद टाई मैच में हरियाणा को हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने 6-5 से शिकस्त दे दी। कबड्डी के मैच में दर्शकों ने पूरे मैच का जमकर लुत्फ उठाया।

हरियाणा के पक्ष में प्वाइंट मिलते ही दर्शक टीम का हौसला बढ़ा रहे थे। कबड्डी के मैच में दर्शक दीर्घा पूरी तरह से भरी हुई थी। कबड्डी के मैच के दौरान मस्कट जय, विजय और धाकड़ ने जमकर डांस किया और मैच को रोमांच पर पहुंचाने का काम किया। लोग भी बीचबीच में मैच ब्रेक के दौरान संगीत व गीत की धुनों पर थिरकते रहे।

**तीसरे सेट में तमिलनाडु की टीम ने बाजी पलटी**

वालीबॉल के फाइनल मुकाबला तमिलनाडु और हरियाणा के बीच हुआ। इस मैच में हरियाणा के खिलाड़ियों ने तमिलनाडु की टीम को जमकर टक्कर दी और अंक अर्जित कर उनके स्कोर को पकड़ने का पूरा प्रयास किया।

पहला मैच हरियाणा ने 25 के मुकाबले 21 से जीता लेकिन तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने सही रणनीति और आपसी तालमेल से एक घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले के तीन सेट 25-18, 25-20 व 26-24 से जीतकर हरियाणा को पछाड़ दिया। हरियाणा की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# अपने खेल को बेहतर समझकर दबाव का सामना आसानी से कर पा रहा हूं : मिलर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि खेल को लेकर उनके तेवर एक दशक पहले जैसे ही हैं लेकिन अपने खेल को बेहतर समझकर वह अब दबाव का सामना आसानी से कर पा रहे हैं। अपने पहले ही सत्र में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस के लिए 481 रन बनाने वाले मिलर ने कम से कम चार मैचों में फिनिशर की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'आईपीएल शुरू होने से पहले मेरा लक्ष्य अधिक रन बनाना और जीत में फिनिशर की भूमिका निभाना था। मध्यक्रम में उतरने पर आप ऐसा ही सोचते हैं और मुझे खुशी है कि मैं यह कर सका।'मिलर ने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने कुछ अलग किया है। मैं लंबे समय से खेल रहा हूं और समय के साथ हर कोई परिपक्व होता है। मैं अब अपने खेल को बेहतर समझता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी नर्वस होता हूं और नकारात्मक सोचने लगता हूं लेकिन अब दबाव का सामना बखूबी कर पाता हूं। अपने खेल को बेहतर समझने से ही मदद मिली।' दक्षिण अफ्रीका के लिये 95 टी20 मैच खेल चुके मिलर का मानना है कि चेंज रूम में वह ठहराव लाते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं चेंज रूम में वह ठहराव लेकर आता हूं। युवा खिलाड़ियों की मदद की कोशिश करता हूं और खुद भी बेहतर करने का प्रयास रहता है। युवाओं से सीखता भी हूं।' उन्होंने कहा कि आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद उन पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, 'कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है। हर अंतरराष्ट्रीय मैच में दबाव होता है। मैं इसे उस तरह से नहीं देखता। अनुभव के साथ दबाव का बखूबी सामना कर रहा हूं। मालदीव में दो दिन के ब्रेक से तरोताजा होने में काफी मदद मिली।'

## राजकुमार हैरी-मेघन ने बेटी लिलिबेट के पहले जन्मदिन की तस्वीरें की शेयर

**लंदन।** राजकुमार हैरी और उनकी पत्नी मेघन मार्कल ने अपनी बेटी लिलिबेट के जन्मदिन की तस्वीरें साझा की। उसका नाम बच्ची की परदादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के नाम पर रखा गया है। लिलिबेट ब्रिटेन की यात्रा के दौरान एक वर्ष की हो गई। लिलिबेट का नाम महारानी एलिजाबेथ द्वितीय (96) के सम्मान में रखा गया है, जिनका उपनाम लिलिबेट था जब वह एक बच्ची थीं। राजकुमार हैरी और मेघन मार्कल द्वारा सोमवार को जारी एक नई तस्वीर में उनकी बेटी लिलिबेट को सप्ताहांत में पिकनिक के दौरान पहला जन्मदिन मनाते हुए दिखाया गया है। एक प्रवक्ता ने कहा कि हल्के नीले रंग की फ्रॉक पहने, लाल बालों वाली बच्ची शनिवार को करीबी पारिवारिक मित्र मिसन हैरिमन द्वारा ली गई एक स्पष्ट तस्वीर में घास पर बैठी थी। विंडसर में फ्रॉगमोर कॉटेज में इस कार्यक्रम का आकर्षण अमेरिकी बेकर क्लेयर पटक का केक था, जिसने मई 2018 में ड्यूक एंड डचेस ऑफ ससेक्स के लिए वेडिंग केक बनाया था।



## भारतीय आध्यात्मिक गुरु टाइम्स स्क्वॉयर पर आईडीवाई कार्यक्रम की करेंगे अगुवाई

**वाशिंगटन।** भारतीय आध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरि इस साल अमेरिका में न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वॉयर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित किए जा रहे भव्य समारोह का नेतृत्व करेंगे। वर्ष 2015 से हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया जाता है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने हरिद्वार स्थित जूना अखाड़े के प्रमुख अवधेशानंद गिरि को इस समारोह में आमंत्रित करते हुए कहा, ''आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यूयॉर्क में सबसे बड़े योग उत्सव 'द सॉल्सटिस योगा' में आपको विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।'' जायसवाल ने कहा, '' यह हमारे लिए एक सम्मान की बात होगी यदि आप दुनियाभर के हजारों लोगों और न्यूयॉर्क के भारतीय अमेरिकी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के साथ आईडीवाई 2022 'योग फॉर वेलनेस' कार्यक्रम का हिस्सा बनें।'' न्यूयॉर्क में समुदाय के नेता प्रेम भंडारी ने बताया कि विश्व स्तर पर हिंदुओं के बीच बहुत लोकप्रिय भारतीय आध्यात्मिक गुरु अगले सप्ताह उत्तरी अमेरिका की एक सप्ताह की यात्रा पर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में आयोजित होने वाले समारोह में हिस्सा लेने के अलावा, अवधेशानंद गिरि न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में समुदाय के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह तीन दिन की कनाडा यात्रा पर जाएंगे।

## ईरान में पटरी से उतरी यात्री ट्रेन , 10 लोगों की मौत व 50 अन्य घायल

**तेहरानः** पूर्वी ईरान में बुधवार तड़के एक यात्री ट्रेन के पटरी से उतरने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। खबर के अनुसार, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ताबास शहर के पास तड़के



अंधेरे में ट्रेन के सात में से चार डिब्बे पटरी से उतर गए। एम्बुलेंस और तीन हेलीकॉप्टर में बचाव दल को सुदूर इलाके में भेजा जा रहा है। खबर में कहा गया है कि हादसा राजधानी तेहरान के लगभग 550 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में ताबास में हुआ। मामले की जांच की जा रही है।

### पाकिस्तानी मूल के पत्रकार ने कहा-

## भाजपा और नुपुर पर हमले बंद करो, मुस्लिम नेताओं से की ये अपील

**इस्लामाबाद।** पैगम्बर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भाजपा ने निलंबित नुपुर शर्मा को पाकिस्तान के एक पत्रकार का समर्थन मिला है। इससे पहले नीदरलैंड के सांसद और पाकिस्तानी मूल के लेखक तारिक फतेह ने भी नुपुर के पक्ष में बयान दिए थे। आइए जानते हैं पाकिस्तानी मूल के पत्रकार तहा सिद्दीकी ने नुपुर के समर्थन में ट्वीट किया। तहा ने लिखा, 'नुपुर शर्मा और भाजपा पर हमला करने की बजाय हदीस की पुष्टि क्यों नहीं करते। मुस्लिम नेताओं को इसके लिए आगे आना चाहिए और अगर ये गलत है तो इसे तुरंत बुखारी




से हटा देना चाहिए। जिससे कोई भी मजाक नहीं बना पाएगा।' तहा न्यूयॉर्क टाइम्स, गार्जियन, अलजजीरा और फ्रांस-24 जैसे मीडिया हाउस के लिए लिखते हैं।

## तुर्की के बाद इजिप्ट ने भी ठुकराया 55 हजार टन भारतीय गेहूं

**इजिप्ट।** निर्यात पर पाबंदी के पूर्व तुर्की भेजे गए भारतीय गेहूं का मामला उलझता जा रहा है। तुर्की ने 55 हजार टन भारतीय गेहूं को सड़ा बताकर खारिज कर दिया था। इसके बाद इसे इजिप्ट भेजा गया तो वहां भी गेहूं लदे जहाज को तट पर पहुंचने की इजाजत नहीं दी गई।

इजिप्ट के प्लांट क्वारंटीन चीफ अहमद अल अत्तर ने 55,000 टन गेहूं को लेकर आ रहे जहाज को देश की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही खारिज कर दिया। तुर्की ने भारतीय गेहूं में रूबेला वायरस पाए जाने की शिकायत करते हुए इसे लेने से मना कर दिया था। इसके बाद इसी खेप को इजिप्ट भेजा गया था। भारत सरकार का इस गेहूं के निर्यात से सीधा संबंध नहीं है। यह गेहूं बहुराष्ट्रीय कंपनी आईटीसी लिमिटेड ने नीदरलैंड्स की एक कंपनी को बेचा था। उसने इसे तुर्की भेजा था। जब तुर्की ने ठुकराया तो इसे इजिप्ट के एक व्यापारी ने खरीदा था। इसके बाद जब जहाज गेहूं की खेप लेकर अफ्रीकी देश इजिप्ट की ओर बढ़ा तो उसने भी इसे बीच में खारिज कर दिया। यह जहाज शनिवार को इजिप्ट पहुंचने वाला था।

**इजिप्ट सबसे बड़ा गेहूं आयातक**

इजिप्ट ने भले ही यह 55 हजार टन गेहूं खारिज कर दिया है, लेकिन इससे पहले ही भारत पिछले माह उसे 61 हजार टन से ज्यादा गेहूं भेज चुका है। दरअसल, इजिप्ट दुनिया में गेहूं का सबसे बड़ा आयातक है। मई में ही मिस्र के खाद्य आपूर्ति मंत्री अली मोसेलही ने भारत से पांच लाख टन गेहूं सीधे खरीदने का फैसला किया था। हालांकि, इससे संबंधित करार पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। इससे पहले अप्रैल में इजिप्ट के कृषि मंत्रालय ने भारत से गेहूं आयात की इजाजत दे दी थी। असल बात यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व में गेहूं की मांग-आपूर्ति का अंतर बिगड़ गया है। विश्व बाजार में यूरोपीय संघ का गेहूं 43 रुपये प्रति किलो पड़ रहा है जबकि भारत का 26 रुपये किलो। भारतीय गेहूं की गुणवत्ता भी बेहतर है।

## वियतनाम के रक्षामंत्री से मिले राजनाथ सिंह, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**हनोई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपनी तीन दिवसीय वियतनाम यात्रा के पहले दिन राजधानी हनोई में रक्षा मंत्री जनरल फाम वान गियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि हमारे उपयोगी विचार-विमर्श के बाद, हमने 2030 तक के लिए भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी के संयुक्त विजन स्टेटमेंट पर हस्ताक्षर किए। जो हमारे रक्षा सहयोग के दायरे और पैमाने को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों को और विस्तारित करने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहल पर व्यापक चर्चा की। हमारा घनिष्ठ रक्षा और



सुरक्षा सहयोग भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के संस्थापक हो ची मिन्ह की समाधि का दौरा किया

बैठक से पहले राजनाथ सिंह ने वियतनाम के संस्थापक हो ची मिन्ह की समाधि का दौरा किया और महान नेता को सम्मानजनक श्रद्धांजलि दी। वियतनाम के वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में उन्होंने माल्यार्पण किया। हो ची मिन्ह 1954 से लेकर 1969 तक वियतनाम के प्रधानमंत्री रहे थे। वियतनाम के विकास में उनका सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्हें वियतनाम का संस्थापक पिता कहा जाता है। उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक वियतनामी राष्ट्रवादी आंदोलन का नेतृत्व किया।

उन्हें वियतनाम के संस्थापक पिता के रूप में जाना जाता है। 1976 में उत्तर और दक्षिण वियतनाम के एकीकरण के बाद, उनके सम्मान में साइगॉन का नाम बदलकर हो ची मिन्ह सिटी कर दिया गया।

## पेरिस हमले से जुड़े 14 पाकिस्तानी नागरिक इटली में गिरफ्तार

**रोम।** इटली की आतंकवाद-रोधी पुलिस और यूरोपोल ने 2020 में फ्रांस की शार्ली एब्दो पत्रिका पर हमला करने वाले व्यक्ति से संबंध रखने के संदेह में 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इटली के उत्तर-पश्चिमी बंदरगाह शहर जीनोआ के पुलिस अधिकारी 14 पाकिस्तानी




नागरिकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की तामील की । ये पाकिस्तानी नगारिक सितंबर 2020 में पेरिस स्थित शार्ली हेब्दो पत्रिका के बाहर दो लोगों पर चाकू से हमला करने वाले पाकिस्तानी नागरिक से संबंधित हैं। आतंकवाद-रोधी जांचकर्ताओं ने एक बयान में कहा कि इन सभी संदिग्धों पर एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन से जुड़े होने और पाकिस्तानी हमलावर जहीर हसन महमूद से सीधे संपर्क में रहने का आरोप है। महमूद (27) फिलहाल फ्रांस की हिरासत में है। उसने जांचकर्ताओं को बताया है कि उसने पत्रिका में पैगंबर मोहम्मद का चित्र बनाए जाने से गुस्सा होकर हमले को अंजाम दिया था।

## रत और केन्या ने नैरोबी में संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

**केन्या।** भारत और केन्या के बीच कल नैरोबी में महानिदेशक स्तर पर आयोजित वार्ता में संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचार विमर्श




हुआ। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य के रूप में अपने मौजूदा कार्यकाल के दौरान जारी सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने सुरक्षा परिषद और बहुपक्षीय मंचों पर घनिष्ठता के साथ काम करने की वचनबद्धता दोहराई। बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। पूर्वी अफ्रीकी देशों के मुद्दों, आतंकवाद प्रतिरोधी उपायों और संयुक्त राष्ट्र शांति सेना से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त राष्ट्र राजनीतिक मामलों के प्रभारी संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता ने किया। प्रतिनिधि मंडल में नैरोबी में भारतीय उच्चायुक्त और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल थे। केन्या के प्रतिनिधि मंडल में राजदूत सलीम एम सलीम तथा केन्याई विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे।

## अमेरिका, दक्षिण कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप में उड़ाए 20 लड़ाकू विमान

**सियोल।** उत्तर कोरिया से तनाव के बीच दक्षिण कोरियाई सेना व अमेरिकी बल के 20 लड़ाकू जेट ने दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट पर चक्कर लगाए। इन लड़ाकू विमानों की उड़ान के पीछे यह मकसद रहा कि यदि उत्तर की ओर से कोई प्रतिक्रिया आती है तो जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ ने कहा कि हवाई प्रदर्शन में 16 दक्षिण कोरियाई विमान शामिल थे जिसमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर शामिल थे जबकि चार अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू जेट ने भी उड़ान भरी। इनका मकसद उत्तर कोरिया की भड़काऊ गतिविधियों का जवाब देने की क्षमता प्रदर्शित करना है।

बता दें कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने उत्तर



कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में सोमवार को आठ बैलिस्टिक मिसाइल को समुद्र में प्रक्षेपित की थीं। इस क्षेपण का मकसद उत्तर कोरिया के हमलों का तेजी से और सटीक जवाब देने की क्षमता का प्रदर्शन करना था।

**उत्तर ने एटमी परीक्षण किया तो करारा जवाब देंगे : अमेरिका**

अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शेरमन ने चेतावनी दी कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण करता है तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। वेंडी शेरमन इस समय दक्षिण कोरिया में हैं, जहां वह जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं से मुलाकात कर मौजूदा तनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा करेंगी। बता दें कि उत्तर कोरिया अपने पूर्वोत्तर शहर पुंगये-री स्थित परमाणु परीक्षण क्षेत्र में एक और विस्फोट करने के लिए तैयार है।

## सर्वे: ब्रिटेन में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, लोग चिंतित

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकारी खाद्य मानक एजेंसी ने कहा कि देश के 76 प्रतिशत नागरिक खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से चिंतित हैं। एजेंसी ने मंगलवार को जारी सर्वे में यह बात कही। सर्वे के अनुसार खाद्य बैंकों या चैरिटी का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या मार्च 2021 में नौ प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2022 में 15 प्रतिशत हो गई है। पांच में से एक ब्रिटिश नागरिक कहना है कि वह खाद्य पदार्थ नहीं ले पा रहे या कम ले रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास खाद्य पदार्थ खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। एजेंसी के अध्यक्ष सुसान जेब ने कहा है कि खाद्य बैंक कम अवधि के लिए भरोसेमंद जीवनरेखा हो सकते हैं, लेकिन सरकारों और नियामकों को अन्य तरीकों को भी और अधिक व्यापक रूप से देखना चाहिए ताकि लोग लंबे समय तक सुरक्षित और स्वस्थ भोजन मिल सकें। यह अध्ययन इप्सोस के तीन सर्वेक्षणों के आंकड़ों पर आधारित है। इस अध्ययन में कोविड -19 के दौरान खरीदारी, उपभोक्ताओं की खाद्य पदार्थो पर राय, साप्ताहिक उपभोक्ता की कमी को आधार बनाया गया।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पूर्वी यूक्रेन में भीषण गोलाबारी के बीच जेलेंस्की ने कहा- हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन में रक्षा पंक्ति को ध्वस्त करने के लिए उतारे गए रूसी सैनिकों और भीषण हमलों के बीच राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह आत्मसमर्पण किसी भी हाल में नहीं करेंगे। वहीं यूक्रेनी सेना भी सीविरोडोनेस्क से रूसी सैनिकों को खदेड़ने के लिए गली-गली में फैल चुकी है और उनका पुरजोर मुकाबला कर रही है।

अपने एक वीडियो संदेश में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों की संख्या बढ़ी है और वे आत्मसमर्पण नहीं करने वाले हैं। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने लुहांस्क के 97 फीसदी क्षेत्र को 'मुक्त' कराने का दावा किया है।

वही, लुहांस्क के गवर्नर शेरी हैदाई ने मंगलवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने सीविरोडोनेस्क के तटवर्ती औद्योगिक क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। हैदाई ने कहा कि सीविरोडोनेस्क की गलियों में भीषण युद्ध जारी है, जिसने सफलता के मायने बदल दिए हैं। स्थितियां लगातार बदल रही हैं, लेकिन यूक्रेनी सैनिक हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। हैदिया ने बताया कि रूसी सैनिक स्थानीय बाजार, स्कूल व कॉलेज भवनों पर भी बमबारी कर रहे हैं।

रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि यूक्रेनी बंदरगाह मारियुपोल व बर्डियांस्क पर बिछाई गई माइंस हटा ली हैं और वे अनाजों की खेप भेजने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वहां मालवाहक जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई है।

यूक्रेन के कृषि नीति मामलों के प्रथम उपमंत्री तारास वायसोस्की ने कहा कि अगर रूस काला सागर के बंदरगाहों से नाकाबंदी नहीं हटाता है, तो उनका देश हर महीने सिर्फ 20 लाख टन अनाज का निर्यात कर पाएगा। युद्ध की शुरूआत के पूर्व यूक्रेन हर महीने 60 लाख टन अनाज का निर्यात करता था। बंदरगाहों पर रूस के कब्जे के बाद इसमें कमी आई है।

संयुक्त राष्ट्र मिशन में चीन के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत दाई बिंग ने सोमवार को यूक्रेन को लगातार हथियार उपलब्ध कराने और रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने को लेकर चेतावनी दी है। यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में यौन हिंसा व मानव तस्करी पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक में बिंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को शांति बहाली तथा यूक्रेन व रूस को वार्ता शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हथियार मुहैया कराने और प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि इससे युद्ध और लंबा खिंच सकता है।

**खार्कीव में वैगनर समूह का लड़ाका मारा गया**

रूस के लिए युद्ध कर रहे वैगनर समूह के लड़ाके व्लादिमीर एंडोनोव को टोही मिशन के दौरान एक स्नाइपर ने पांच जून को खार्कीव के पास मार गिराया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक एंडोनोव को रूसी अपना हीरो मानते थे, जबकि यूक्रेनी उसे जल्लाद कहते थे। आरोप है कि उसने यूक्रेन पर वर्ष 2014 में हुए रूसी हमले के दौरान युद्ध नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कई नागरिकों की हत्या की थी।

## रूसी रक्षा मंत्री का दावा, लुहान्स्क के 97 फीसदी हिस्से पर किया कब्जा

**कीव।** रूस और यूक्रेन युद्ध फिलहाल थमता नहीं दिख रहा है और रूस का आक्रमण लगातार जारी है। रूस ने दावा किया कि उसने एक सप्ताह तक चली गोलाबारी और हाल में अधिक सैनिकों की तैनाती के बाद पूर्वी यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने कहा कि मास्को की सेना ने लुहान्स्क क्षेत्र के 97 फीसदी हिस्से को मुक्त करा लिया है। रूस यूक्रेन के पूरे पूर्वी डोनबास हिस्से पर कब्जा करना चाहता है, जिसमें डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्र शामिल हैं। शोइगू ने दावा किया कि रूसी सेना ने सिविएरोडोनेट्सक के आवासीय क्वार्टरों पर कब्जा कर लिया है और इसके बाहरी इलाके और आसपास के शहरों पर एक औद्योगिक क्षेत्र पर नियंत्रण करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

**16 शहरों पर नियंत्रण का दावा**

लुहान्स्क क्षेत्र का प्रशासनिक केंद्र सिविएरोडोनेट्सक हाल में रूसी आक्रमण का निशाना रहा है। शोइगू ने कहा कि रूसी सैनिकों ने पोपसना शहर की ओर अपने आक्रमण को तेज किया है और उन्होंने इस क्षेत्र के लाइमन और स्वियातोहिरस्क और 15 अन्य शहरों पर नियंत्रण कर लिया है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने कहा कि रूस पूर्वी यूक्रेन में अतिरिक्त सैन्य बलों को तैनात कर रहा है, जिसका उद्देश्य यूक्रेन की सुरक्षा को कमजोर करना है। लुहांस्क के गवर्नर सेरही हैदई ने स्वीकार



किया कि रूसी सेना का सिविएरोडोनेट्सक के औद्योगिक बाहरी इलाके में नियंत्रण है, जो लुहान्स्क क्षेत्र के दो शहरों में से एक है और अभी भी यूक्रेन के हाथों में है।

रूस की सेना ने सिविएरोडोनेत्स्क के करीब एक शहर लिसीचांस्क को लगभग पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा कि रूसी सैनिकों ने एक स्थानीय बाजार, एक स्कूल और एक कॉलेज की इमारत को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि तीन घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हैदई ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में कुल मिलाकर यूक्रेनी सेना ने 10 रूसी हमलों को नाकाम किया। उनके दावे को हालांकि स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। यूक्रेन को लगातार रूसी हमलों को रोकने में मदद करने के लिए पश्चिमी देशों से हथियार और गोला-बारूद मिल रहा है। रूस ने दावा किया कि उसके बलों ने अमेरिका द्वारा दी गई दो तोपखाना प्रणालियों और नॉर्वे द्वारा आपूर्ति की गई एक होवित्जर तोप को नष्ट कर दिया। मेजर जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि रूसी तोपखाने ने यूक्रेन को नॉर्वे से मिली एक होवित्जर तोप और अमेरिका से मिली दो अन्य तोपखाना प्रणालियों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि रूसी तोपखाने बैराज ने देश के पूर्व में अन्य यूक्रेनी उपकरणों को नष्ट कर दिया। मेजर ने कहा कि रूसी वायुसेना ने यूक्रेनी सैनिकों, उपकरणों के जखीरे और तोपखाने की तैनाती को निशाना बनाया।